53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in | यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 23.0°c | अधिकतम 35.8°c

मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 5:48, सूर्यास्त - 6:48 | वर्ष : 53/ अंक : 107 | शनिवार, 19 अप्रैल 2025 | वैशाख, कृष्ण पक्ष, षष्ठी | सम्वत् 2082 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

अमृतवाणी

सत्य का दरवाजा इतना तंग व छोटा होता है कि उसमें दाखिल होने से पहले सिर झुकाना पड़ता है।

अगली सरकार हमारी बनेगी सामाजिक न्याय के रास्ते पर चलेंगे : अखिलेश यादव

हजारों ख्वाहिशें ऐसी कि हर ख्वाहिश पे दम निकले.....

फिल्मी स्टाइल में खोई व्यापारी से 11 लाख की लूट

▶ घटना के दौरान पब्लिक को अपनी तरफ दौड़ता देख बदमाशों ने की फायरिंग ▶ एक ने बाइक स्टार्ट, दो ने बैग छीना

इन्होंने बताया ....
स्वादी द्वारा लूट की सूचना पुलिस को दी गई थी। घटना भोपा रोड स्थित एक पेपर मिल के बाहर की है। वादी ने बताया कि वो 11 लाख का पेमेंट लेकर आए थे। बाइक सवार बदमाश आएं और पैसों से भरा बैग छीनकर भाग गए। वादी ने बताया कि जब आसपास के लोग बदमाशों की ओर भागे तो बदमाशों ने हवाई फायरिंग की। फिलहाल घटना के खुलासे के लिए चार टीमों को गठित किया गया है। जांच के दौरान कुछ साक्ष्य भी मिले हैं, जल्द ही लूट की राशि की सौ प्रतिशत बरामदगी के साथ सभी आरोपियों की गिरफ्तारी कर जल्द से जल्द घटना का अनावरण किया जाएगा।

मुजफ्फरनगर, 18 अप्रैल (बु.)। नई मंडी क्षेत्र के भोपा रोड स्थित पेपर मिल के बाहर तीन बदमाशों ने फिल्मी स्टाइल में खोई व्यापारी से 11 लाख रुपए लूटे और फरार हो गए। सूचना पर पुलिस पहुंची और पीड़ित से घटना की जानकारी लेकर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से लूट की घटना का शीघ्र खुलासा करने की बात कही। घटना सुबह करीब 9 बजे की है। मखियाली निवासी प्रवीण कुमार अपने साले के लड़के इस्सोपुर थाना भोपा क्षेत्र निवासी उज्ज्वल के साथ पेमेंट लेने के लिए मिल में आया हुआ था। जैसे ही उज्ज्वल अपने फूफा के साथ मिल से बाहर निकला, तो प्रवीण दोबारा मिल में चला गया और उज्ज्वल पैसों से भरा हुआ बैग लेकर बाहर ही खड़ा रहा। उसी दौरान फिल्मी स्टाइल में तीन बाइक सवार नकाबपोश बदमाश आए और उज्ज्वल से बैग छीनने लगे, खींचातानी देखकर जब आसपास के लोग बदमाशों को पकड़ने के लिए भागे, तो बदमाशों ने हवाई फायरिंग की और पैसों से भरा बैग लेकर फरार हो गए। लूट की सूचना पर मौके पर पहुंचे एसपी सिटी सत्य नारायण प्रजापत, सीओ मंडी रूपाली राव, इंस्पेक्टर मंडी सहित एसओजी और क्राइम ब्रांच की टीम मौके पर पहुंची और घटना वाले इलाके की बारीकी से छानबीन की। पुलिस अब इलाके में लगे सीसीटीवी की चैन के द्वारा बदमाशों की तलाश में जुट गई है।

चार टीमें करेंगी ग्यारह लाख की लूट पर काम

मुजफ्फरनगर। एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत ने लूट के बाद मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि लूट के मामले में खुलासे के लिए क्राइम ब्रांच, सर्विलांस सेल, नई मण्डी कोतवाली पुलिस की चार टीमें मिलकर काम करेंगी। हरेक टीम अलग-अलग पहलू पर काम करेगी तथा प्रत्येक बिन्दु पर गहनता से जांच के बाद जल्द ही घटना का खुलासा कर दिया जायेगा।

कई स्थानों पर बदमाश सीसीटीवी कैमरों में कैद

मुजफ्फरनगर, 18 अप्रैल (बु.)। भोपा रोड पर लूट की वारदात के बाद बदमाश शहर की ओर भागे थे। पुलिस ने बिंदल पेपर मिल से भोपा बाईपास तक कई स्थानों पर लगे सीसीटीवी कैमरे खंगालने शुरू कर दिये हैं। पुलिस का कहना है कि कई स्थानों पर बदमाश सीसीटीवी कैमरों में कैद हैं तथा उनकी बुलेट बाइक पर नम्बर प्लेट नहीं लगी है, मगर बदमाशों की शिनाख्त के प्रयास जारी हैं।

रिश्ते हुए शर्मसार, भांजे संग मामी फरार

मुजफ्फरनगर, 18 अप्रैल (बु.)। एसएसपी कार्यालय पर एक पति अपनी पत्नी की बरामदगी को लेकर आलाधिकारियों से गुहार लगाने पहुँचा, तो मामला रिश्तों को शर्मशार कर देने वाला निकला। पीड़ित पति का आरोप है कि उसकी पत्नी का अपने सगे भांजे के साथ प्रेम-प्रसंग चल रहा था, जब तक उसको इसकी भनक लगी, तब तक बहुत देर हो चुकी थी, क्योंकि उसकी पत्नी अपने तीन बच्चों को छोड़कर अपने भांजे के साथ फरार हो चुकी थी। दरसअल जानसठ कोतवाली क्षेत्र स्थित तिसंग गांव निवासी एक 40 वर्षीय व्यक्ति सोनू की शादी 2013 में खतौली कोतवाली क्षेत्र के गलोपुर तल्हेड़ी गांव की एक 35 वर्षीय रीता नाम की युवती के साथ हुई थी। रीता से सोनू को तीन बच्चे भी हैं, सब कुछ सही चल रहा था, लेकिन अचानक से बीती 19 मार्च को रीता घर से फरार हो गई, जिसके बाद सभी जगह तलाश करने पर जब रीता का कहीं पता नहीं चला, तो पीड़ित पति सोनू ने इसकी शिकायत थाने में की, जिसके चलते जानकारी मिली कि रीता अपने पति सोनू की बहन के लड़के यानि की अपने भांजे मोनू के साथ प्रेम-प्रसंग के चलते फरार हो गई थी, जिसके चलते कुछ दिन पूर्व मेरठ जनपद के मवाना थाना पुलिस ने इन दोनों को बरामद भी कर लिया था, जिसके बाद रीता को पुलिस ने उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया था, लेकिन आज जब पीड़ित पति सोनू एसएसपी कार्यालय पर आलाधिकारियों से अपनी पत्नी की बरामद की को लेकर गुहार लगाने पहुंचा था, तो उसने बताया कि उसकी पत्नी उसके भांजे मोनू के घर ही रह रही है। पीड़ित पति सोनू का कहना है कि उसने अपनी पत्नी रीता से जब बात की, तो उसने कहा कि हमारे पीछे मत आओ वरना अच्छा नहीं होगा। अब सोनू को जहाँ अपनी पत्नी और उसके प्रेमी मोनू से अपनी जान को खतरा है, तो वहीं वह अपने बच्चों के लिए चाहता है कि उसकी पत्नी लौटकर वापस आ जाए। पीड़ित पति सोनू ने बताया कि उसकी पत्नी 40 हजार रुपए और जेवर लेकर गई है।

मर्यादाएं तोड़ रहा प्रेम, समाज का वातावरण हो रहा दूषित

मुजफ्फरनगर। कहते तो हैं कि प्रेम किसी भी उम्र में किसी से भी हो सकता है, मगर प्रेम में कुछ नियत और शर्तें भी होती हैं, हम एक बार के लिए उम्र का लिहाज करें न करें मगर रिश्तों का लिहाज हमारी संस्कृति में अब तक जिंदा था जो धीरे धीरे आ खत्म होता जा रहा है। हाल ही में हुई अलीगढ़ में सास और दामाद के भाग जाने की घटना ने समाज को झकझोरकर रख दिया। सभी के मुंह पर एक ही बात थी कि सास में मां का रूप देखने वाले और दामाद में पुत्र का रूप देखने वाले दोनों रिश्तों ने सामाजिक ताने-बाने को कलंकित करते हुए अपनी मनमानी कर डाली वहीं मुजफ्फरनगर में मामी भांजे के एक साथ भाग जाने ने भी अलीगढ़ जैसा ही सवाल खड़ा कर दिया है। लोग इन सब बातों को देखकर कानों पर हाथ तो रख ही रहे हैं मगर अपनी संस्कृति बचाने के लिए कोई अपने बच्चों को संस्कार देने की बात नहीं करता। जैसे संस्कार पहले हुआ करते थे वो सब अब धूमिल होते जा रहे हैं। बच्चों को अपनी मर्यादाओं का पालन कराने के लिए माता-पिता अपना सबकुछ दांव पर लगा देते थे, लेकिन औलादों के सामने आज मां बाप भी मजबूर हो चले हैं और बच्चे सारी मर्यादाएं लांघ ऐसे कृत्यों को अंजाम दे रहे हैं, जो सिर्फ चंद परिवारों को ही नहीं बल्कि पूरे समाज के माहौल को दूषित कर रहे हैं।

हिन्दू संगठन के कार्यकर्ताओं ने 9 मृत गौवंश सहित एक घायल बछड़ा और दो जिंदा गौवंश बरामद किये

प्रत्यक्षदर्शी दीपक ने बताया पूरा घटनाक्रम

मुजफ्फरनगर । प्रत्यक्षदर्शी दीपक कुमार ने बताया कि वह आज सुबह अपने पशु खोलने के लिए आया था। पशु खोलने के बाद उसने आकर देखा कि यहां एक गाड़ी खड़ी है। गाड़ी में ड्राइवर सो रहा था। गाड़ी का तिरपाल खुलवाकर जब उसने देखा, तो उसके अंदर कुछ गौवंश मरे हुए थे, तो कुछ जिंदा थे। उसमें एक जिन्दा बछड़ा भी था। उसने पुलिस को सूचना दी, पुलिस को फोन करके बुलाया और फिर उनको सौंपा गया, ड्राइवर पुलिस हिरासत में है।

मुजफ्फरनगर, 18 अप्रैल (बु.)। उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जनपद में आज सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब एक संदिग्ध खड़े कंटेनर से हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने 9 मृत गौवंश सहित एक गंभीर घायल बछड़ा और दो जिंदा गौवंश बरामद किए। घटना की सूचना पर पहुंचे बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने इस कंटेनर के कंडक्टर को पकड़कर इसकी सूचना पुलिस को दी, जिस पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर एनिमल टीम को बुलाकर जिंदा पशुओं का इलाज शुरू कराया। साथ ही पुलिस ने इस कंटेनर को अपने कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। घटना शुक्रवार सुबह खतौली कोतवाली क्षेत्र स्थित गंग नहर पटरी की है, जहां एक संदिग्ध कंटेनर खड़ा हुआ था। बताया जा रहा है कि इस कंटेनर से बदबू आने के चलते जब आस-पड़ोस के लोगों ने कंटेनर में देखा, तो इसमें मृत गौवंश पाए गए, जिसकी सूचना पर बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने तुरंत मौके पर पहुंचकर कंटेनर के कंडक्टर को पकड़कर इस मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कंटेनर से 9 मृत गौवंश बरामद किए हैं। वहीं इस कंटेनर से दो जिंदा गौवंश और एक बछड़ा भी पुलिस को मिला है, जिसकी गंभीर हालत को देखते हुए पुलिस द्वारा मौके पर एनिमल टीम को बुलाया गया, जिसने जिंदा गौवंशो का उपचार शुरू किया। इस मामले में पुलिस ने कंडक्टर को हिरासत में लेते हुए कंटेनर को अपने कब्जे में लेकर अपनी आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

मुरादाबाद ले जाये जा रहे थे जिंदा गौवंश, जल्द होगा खुलासा : एसपी सिटी

मुजफ्फरनगर, 18 अप्रैल (बु.)। एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत ने बताया कि थाना खतौली पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि गंग नहर के किनारे एक लावारिस ट्रक खड़ा है, जिसमें कुछ गोवंश है, जिसमें से कुछ जिंदा हैं और कुछ मरे हुए हैं। इस सूचना पर तत्काल खतौली पुलिस द्वारा पहुंचकर इस ट्रक को देखा गया और इसमें पाया गया कि इसमें दो जिंदा गौवंश भरे हुए हैं और नौ जो गोवंश हैं, वह मर गए हैं, वहाँ मौके से कंडक्टर को हिरासत में लिया गया। मौके पर ड्राइवर फरार था, कंडक्टर से लगातार पूछताछ की जा रही है। प्रारंभिक पूछताछ में इन्होंने यह बताया है कि यह इन गौवंशों को भरकर मुरादाबाद की तरफ लेकर जा रहे थे, लेकिन जब इनको पता लगा कि यह गौवंश ट्रक में ठूंसकर भरने की वजह से मृत्यु होना शुरू हुई, तो यह लोग घबरा गए और इन्होंने वहां से वापस गाड़ी लाकर यहां गंग नहर पर छोड़ दी। यह गाड़ी किसकी है, किसके द्वारा गौवंश भरे गए और यह पूरी घटना किसके द्वारा कराई गई है, इसमें सीओ खतौली के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया है और शीघ्र ही इसमें यह अनावरण किया जाएगा और जो भी अभियुक्त होंगे, उनके खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करते हुए उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

लखीपुरा में तेज आंधी में छत गिरी, मलबे में एक ही परिवार के छह लोग दबे, मां-बेटी की दर्दनाक मौत

मेरठ, 18 अप्रैल (एजेंसी)। मेरठ के लिसाड़ी गेट के लखीपुर में शुक्रवार को तेज आंधी चलने के दौरान मकान की छत गिर गई, जिसमें एक ही परिवार के छह लोग दब गए। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग दौड़े। लोगों ने काफी मशक्कत के बाद परिवार को निकाल अस्पताल में भर्ती कराया, जहां मां व मासूम बेटी की मौत होना बताया गया है। बाकी अन्य परिवार के लोगों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस के मुताबिक, रुखसार और उसकी नौ महीने की बच्ची माहिरा की मौत की पुष्टि डॉक्टर ने कर दी है। चार दिन पहले रुखसार का पड़ोसी के साथ दीवार ऊंची होने को लेकर विवाद हुआ था। आरोप था कि पड़ोसी ने अपने मकान की दीवार ऊंची कर दी थी। जिसके गिरने की आशंका जताते हुए दोनों में विवाद हुआ था। मामला सुलझ गया था। इसके बावजूद किसी ने सुध नहीं ली। शुक्रवार को तेज आंधी में पड़ोसी की दीवार रुखसार के मकान की छत पर गिर गई। जहां पर रुखसार अपने परिवार के पांच सदस्यों के साथ थी। छत गिरने से पूरा परिवार दब गया। आसपास के लोगों ने परिवार को निकाल लिया, लेकिन रुखसार और उसकी नौ महीने की बच्ची की इस हादसे में मौत हो गई। जानकारी लगने पर लिसाड़ी गेट और लोहिया नगर थाने की पुलिस के साथ-साथ प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए। देर रात तक परिवार को समझने में पुलिस प्रशासन के आला अधिकारी जुटे रहे।

बरेली में प्रेमी संग मिलकर पति को दिया जहर, गला दबाकर की हत्या

बरेली 18 अप्रैल (वार्ता) उत्तर प्रदेश में बरेली जिले के फतेहगंज पश्चिमी नगर पंचायत में संविदा पर तैनात सफाई कर्मी केहर सिह की हत्या उसकी पत्नी ने ही प्रेमी के साथ मिलकर की थी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि आरोपी पत्नी ने मृतक को पहले खाने में जहर दिया, फिर प्रेमी की मदद से गला दबा कर हत्या कर दी। वारदात को खुदकुशी का रूप देने के लिए फंदे से लटका दिया गया। आरोपी प्रेमी -प्रेमिका को शुक्रवार को जेल भेज दिया है। अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी मुकेश चन्द्र मिश्रा ने शुक्रवार में बताया कि कमरे का बंद दरवाजा आत्महत्या का संकेत दे रहा है। फिलहाल, पुलिस दोनों नामजद रेखा (25) और पिटू (25) आरोपियों से पूछताछ करने के साथ ही हर संभावित बिदु पर जांच कर रही है। पुलिस ने शुक्रवार को मेडिकल के बाद जेल भेज दिया है। कमरा अंदर से बंद होने का पेच फंसा है। फिलहाल, केसर के भाई की तहरीर पर केहर की पत्नी व उसके प्रेमी पिटू के खिलाफ हत्या किये जाने की थाना फतेहगंज पश्चिमी वूमेन रिपोर्ट दर्ज की गई है।

श्री मिश्रा ने बताया कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में मौत की वजह स्ट्रंगुलेशन (गला दबाना) लिखा है। जहर की आशंका में में विसरा भी सुरक्षित किया गया है। इस पर पुलिस ने केहर की पत्नी से पूछताछ की। शुरुआत में वह टालमटोल करती रही, पर बाद में खाने में जहर देने की बात स्वीकार कर ली। हालांकि, गला दबाने व फंदे से लटकाने से इन्कार कर दिया। गौरतलब है कि 13 अप्रैल को केहर सिह का शव किराये के कमरे में लटका मिला था। पुलिस के मुताबिक,सूचना पर टीम मौके पर पहुंची तो कमरा अंदर से बंद था। खिड़की भी बंद थी। शव फंदे से उतारा गया तो सभी मान रहे थे कि किसी वजह से परेशान होकर केहर सिह ने आत्महत्या कर ली है। केहर सिह के भाई अशोक ने दर्ज कराई गई रिपोर्ट में बताया है कि केहर की पत्नी के पिटू से प्रेम संबंध हैं। केहर सिह को इसकी जानकारी हो गई थी। इसी वजह से इन दोनों ने उनको रास्ते से हटाने का फैसला कर लिया।

सिल्वरटोन पेपर मिल में लगी भयंकर आग, कड़ी मशक्कत के बाद पाया गया काबू

मुजफ्फरनगर, 18 अप्रैल (बु.)। देर रात भोपा रोड स्थित सिल्वरटोन पेपर मिल में आग लग गयी। एकाएक लगी आग तेजी से फैल गयी, जिससे वहां मौजूद कर्मचारियों के हाथ-पैर फूल गये। पहले तो फैक्ट्री के कर्मचारियों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया, मगर आग ने विकराल रूप धारण कर लिया, इसी बीच आग लगने की सूचना फायर बिग्रेड को दी गयी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, मगर तब तक लाखों रूपये का नुकसान हो चुका था। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

500 रुपए की पेंशन के लिए चक्कर काटे 300 बार

मुजफ्फरनगर, 18 अप्रैल (बु.)। शुक्रवार को कलेक्ट्रेट में विधवा पेंशन के लिए धक्के खाती एक बुजुर्ग ने चौंकाने वाला खुलासा किया। उसने कहा कि सरकार द्वारा दी जाने वाली विधवा पेंशन 500 रुपए उसके खाते में आनी बंद हो गई है, जिसको लेकर वो हर रोज कलेक्ट्रेट में अपनी फरियाद लेकर आती है और रोज उदास होकर चली जाती है।

जानसठ कस्बे के कवाल गांव की रहने वाली शमशीदा पत्नी छोटा ने बताया कि वो पिछले करीब एक साल से रोज यूंही कलेक्ट्रेट पेंशन शुरू करवाने के लिए जिला प्रोबेशन अधिकारी के कार्यालय के धक्के खा रही हैं। पीड़ित विधवा शमशीदा का कहना था कि वो पेंशन के 500 रुपए के लिए करीब 300 दिन इस कार्यालय के चक्कर काट चुकी है और पेंशन शुरू करवाने के लिए विभागीय कर्मचारियों को 100 रुपए रिश्वत भी देने को हामी भर चुकी है, लेकिन कोई उसकी सुनता ही नहीं। अब ऐसे में वो ये तक भूल जाती है कि किस दिन छुट्टी है और किस दिन कार्यालय खुला है, वो तो बस अपनी विधवा पेंशन की एप्लीकेशन और पत्रावली लेकर आती है और कार्यालय बंद होने पर वापस अपने गांव लौट जाती है।

हर रोज उसको सिर्फ दिलासा दिया जाता है कि उसकी बंद पेंशन जल्द शुरू हो जाएगी, लेकिन घर से कलेक्ट्रेट पेंशन के शुरू होने की उम्मीद के साथ निकली शमशीदा रोज की तरह फिर वापस अपनी नाउम्मीदी लेकर अगले दिन की उम्मीद के सहारे सो जाती है। फिलहाल ये हाल इस शमशीदा का है ऐसी कितनी और शमशीदा होंगी, उनकी कहानी क्या होगी। इसके बारे में जिला प्रोबेशन कार्यालय में बैठे अधिकारी व कर्मचारी ही ज्यादा बेहतर बता पाएंगे कि सरकार अगर योजनाओं का लाभ गरीबों तक पहुंचाने का दावा कर रही तो फिर उन दावों में आखिर पंचर करने का काम कर तो कर कौन रहा है।

बाइक में सवार थे एक ही परिवार के पांच लोग, पिता और दो मासूम बच्चों की मौत; मंजर देख कांप उठी रूह

छतरपुर, 18 अप्रैल (एजेंसी)। मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले में बड़ा सड़क हादसा हुआ है। तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवारों को टक्कर मारी। इस टक्कर में तीन लोगों की मौत हुई है, वहीं, दो लोग घायल हैं। यह सड़क हादसा जिले के बमीठा थाना क्षेत्र में घटित हुआ है। मृतक और घायल सभी एक ही परिवार के सदस्य हैं। ये परिवार शादी समारोह से आते वक्त सड़क हादसे का शिकार हो गया। ट्रक ने जिन बाइक सवारों को कुचला है, उसमें पांच सदस्य बैठे हुए थे, जिसमें 3 की मौत मौके पर हो गई। घायलों का जिला अस्पताल में इलाज जारी है। ग्राम ओटा गांव के प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया है कि हादसा इतना भयानक था कि हादसे में बाइक चालक ट्रक के नीचे आ गया। कई घंटे दबा रहा। मृतक बच्चों के पिता का शव करीब 3 घंटे तक ट्रक के पहिए के नीचे दबा रहा। ये मंजर देख लोग सहम उठे। उनकी रूह कांप उठी। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। घायलों को जिला हॉस्पिटल भेजा गया। पुलिस ने मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए स्वास्थ्य केंद्र राजनगर भेजा दिया। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर कार्रवाई शुरू कर दी है। ग्राम ओटा गांव में एक शादी के कार्यक्रम में ग्राम पंचायत भैरा से ओटापुरवा में ललता अहिरवार परिवार आए हुए थे। सुबह वापस अपने गांव जा रहे थे। भैरा गांव निवासी मिजाजी लाल अहिरवार 4 बच्चों के साथ ओटापुरवा में ललिता अहिरवार के यहां निमंत्रण में आए थे। पांचों सदस्य कार्यक्रम के बाद बाइक से वापस अपने गांव लौट रहे थे। शुक्रवार सुबह करीब 8 बजे देवगांव के पास तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवारों को बुरी तरह रौंद दिया। मृतकों और घायलों के नाम पिता मिजाजी लाल अहिरवार, शिवम (2), भावना (3) की मौत हुई है। वहीं, बादल (6) और काजल (5) घायल हैं। इनका इलाज जिला अस्पताल में जारी है। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी। छतरपुर जिले के बमीठा टीआई आशुतोष श्रोती से बात हुई तो उन्होंने बताया कि "एक ही बाइक पर 5 लोग सवार थे। ट्रक हाइवे साइड से आ रहा था, जिसने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में 2 बच्चों और पिता की मौत हो गई। परिवार निमंत्रण में शामिल होकर वापस घर जा रहा था। ट्रक को जब्त कर जांच शुरू कर दी गई है।'

मैं अपनी पत्नी से परेशान हूं, ये कहते हुए युवक ने थाने के बाहर खाया जहर, पुलिस प्रशासन में मचा हड़कंप

शामली, 18 अप्रैल (बु.)। पति-पत्नी के बीच विवाद सुलझाने के लिए बुलाए गए जलालाबाद के सियाराम ने पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप लगाते हुए महिला थाने के बाहर जहर खा लिया। युवक को शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। थानाभवन क्षेत्र के जलालाबाद निवासी सियाराम की शादी करीब 8 वर्ष पूर्व महावतपुर गांव की भारती के साथ हुई थी। बताया गया कि किसी बात को लेकर पति पत्नी में विवाद चला आ रहा है। सियाराम ने महिला थाना पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि उसकी पत्नी कभी भी घर से चली जाती है और साथ में कीमती सामान भी ले जाती है। शिकायत के बाद महिला थाना प्रभारी निधि चौधरी ने बृहस्पतिवार को दोनों को थाने बुलाया और काउंसिलिंग कराते हुए मनमुटाव दूर करने को कहा था। पति-पत्नी को आपस में बात करने के लिए समय दिया गया, लेकिन दोनों में फिर से कहासुनी हो गई और युवक ने पुलिस पर कार्यवाही न करने का आरोप लगाया। साथ ही कहा कि वह पत्नी से परेशान हो चुका है। इसके बाद उसने महिला थाने के बाहर जहर खा लिया। घटना की जानकारी पाकर सीओ सिटी अमरदीप मौर्य, नायाब तहसीलदार विरेन्द्र कुमार और महिला थाना प्रभारी निधि चौधरी ने युवक के बयान दर्ज किए। थाना प्रभारी का कहना है कि मामले में उचित कार्रवाई की जाएगी।

पीएम मोदी ने टेस्ला के सीईओ एलन मस्क से की फोन पर बात

नई दिल्ली, 18 अप्रैल (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने टेस्ला के सीईओ एलन मस्क से फोन पर बात की है। पीएम मोदी ने मस्क से कई विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की है। पीएम मोदी और मस्क के बीच हुई बातचीत में इस साल की शुरूआत में वाशिंगटन डीसी में हुई बैठक के दौरान चर्चा में शामिल विषय भी रहे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि उन्होंने मस्क से टेक्नोलॉजी और इनोवेशन के क्षेत्रों में सहयोग की अपार संभावनाओं पर चर्चा की है। इसके साथ ही पीएम मोदी ने कहा कि भारत इन क्षेत्रों में अमेरिका के साथ अपनी साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। पीएम मोदी और मस्क के बीच आज भारत और अमेरिका के बीच टेक्नोलॉजी, अंतरिक्ष रिसर्च, आर्टिफिशिएल इंटेलीजेंस (अक) और विकास जैसे क्षेत्रों में सहयोग की अपार संभावनाओं पर चर्चा की है। पीएम मोदी ने मस्क से भारत की 'न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन' नीति पर जोर दिया। मस्क ने भारत में स्टारलिंक सैटेलाइट इंटरनेट सेवा शुरू करने की अपनी रुचि दोहराई है, जो अभी नियामक मंजूरी के इंतजार में है। पीएम मोदी से मस्क के बीच टेस्ला के भारत में मैन्यूफैक्चरिंग आधार स्थापित करने और इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए आयात शुल्क कम करने पर भी बात हुई है। ता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और एलन मस्क के बीच फरवरी 2025 में वाशिंगट डीसी में बातचीत हुई थी, तब मस्क ने मोदी को स्पेसएक्स के स्टारशिप उड़ान परीक्षण का हीटशील्ड टाइल भेंट किया था। पीएम मोदी ने मस्क के बच्चों के लिए रवींद्रनाथ टैगोर, आरके नारायण, और पंचतंत्र की किताबें गिफ्ट

ममता की ना के बाद भी ट्रेन से मुर्शिदाबाद पहुंचे राज्यपाल

कोलकाता, 18 अप्रैल (एजेंसी)। पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में वक्फ संशोधनों को लेकर भड़की हिंसा के बाद राजनीति चरम पर है। वहीं राज्यपाल सीवी आनंद बोस शुक्रवार को हिंसा प्रभावित मुर्शिदाबाद पहुंचे। राज्यपाल मालदा से ट्रेन के जरिए मुर्शिदाबाद पहुंचे हैं। इसके साथ ही राज्यपाल ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के मुर्शिदाबाद का दौरा नहीं करने का आग्रह ठुकरा दिया है। राज्यपाल सीवी आनंद बोस यहां पर घर छोड़कर भागे दंगा पीड़ितों से मुलाकात करेंगे। मालदा से निकले बोस ने कहा कि वह पीड़ितों से मिलने के लिए जा रहे हैं और इसकी रिपोर्ट केंद्र सरकार को सौंपेंगे। उन्होंने कहा कि मैं पीड़ितों से मिलने और प्रभावित क्षेत्र से प्राप्त सूचनाओं की पुष्टि करने के लिए वहां जा रहा हूं। मैं अस्पतालों, पीड़ितों के आवासों और राहत शिविरों में जाऊंगा। केंद्रीय बल और राज्य पुलिस भी साथ में हैं और स्थिति जल्द ही सामान्य हो जाएगी मैं

मेलोनी दुनिया की असली लीडर... इटली की पीएम को देख तारीफ करने लगे डोनाल्ड ट्रंप, बोले- आप जैसा कोई नहीं

वाशिंगटन, 18 अप्रैल (एजेंसी)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने आक्रामक अंदाज के लिए मशहूर हैं। वाइट हाउस में जब विदेशी मेहमान आते हैं, तो वह अपनी बातों और बॉडी लैंग्वेज से दबदबा बनाए रखते हैं, लेकिन गुरुवार को इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी से मुलाकात में ट्रंप का रवैया बिल्कुल शांत और दोस्ताना था। उन्होंने मेलोनी को दुनिया की असली लीडर में से एक हैं और बेहद खास इंसान बताते हुए तारीफों के पुल बांधे। दोनों ने मिलकर वादा किया कि वे पश्चिम को फिर से महान बनाएंगे, लेकिन इस मुलाकात में सिर्फ बातें ही नहीं, बॉडी लैंग्वेज ने भी बहुत कुछ कहा! वाइट हाउस में ट्रंप ने मेलोनी का स्वागत बड़े गर्मजोशी से किया। ओवल ऑफिस में हुई मीटिंग में मेलोनी कुर्सी पर टेक लगाकर बैठी थीं। उनका बायां पैर दाएं पैर पर रखा था, जो उनके कॉन्फिडेंस को दिखा रहा था। दूसरी तरफ, ट्रंप अपनी कुर्सी पर हल्का झुककर बात कर रहे थे, मानो मेलोनी की हर बात को गौर से सुन रहे हों। मीटिंग के बाद दोनों की एक तस्वीर सामने आई, जिसमें मेलोनी ट्रंप के बगल में खड़ी थीं और ट्रंप अपने दाहिने हाथ का अंगूठा (थम्स अप) दिखा रहे थे। यह इशारा साफ था दोनों के बीच बातचीत शानदार रही। मीटिंग के दौरान एक ऐसा मौका आया जब मेलोनी ने एक रिपोर्टर का सवाल ट्रंप से पूछ लिया। मेलोनी ने ट्रंप से पूछा- क्या आपने कभी यूरोपीय लोगों को परजीवी कहा है? इस पर ट्रंप ने कहा कि बिल्कुल भी नहीं। मेलोनी ने ट्रम्प के साथ अपनी सोच की समानता दिखाई। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य है पश्चिम को फिर से महान बनाना, और मुझे यकीन है कि हम इसे साथ मिलकर कर सकते हैं। मेलोनी ने आप्रवासन और वोक विचारधारा पर ट्रंप के साथ एकराय होने की बात कही। उन्होंने ट्रंप को जल्द ही रोम आने का न्योता भी दिया, जहां वह यूरोपीय लीडर्स से भी मिल सकते हैं। उन्होंने कहा कि अटलांटिक के दोनों किनारों की समस्याओं को अब सुलझाने का वक्त है।

चीन पर टॉप सीक्रेट मीटिंग में पहुंच गए मस्क, ट्रंप ने गुस्से में पूछा, एलन वहां क्या कर रहा है?..निकलवा दिया बाहर

वाशिंगटन, 18 अप्रैल (एजेंसी)। अमेरिकी राष्ट्रपति के सबसे करीबी माने जाने वाले एलन मस्क को लेकर बड़ी खबर सामने आ रही है। "डेली मेल की रिपोर्ट के अनुसार" अमेरिका चीन पर टॉप सीक्रेट बैठक कर रहा था। मगर इस हाई लेबल गुप्त बैठक की सूचना एलन मस्क को भी लीक हो गई, लिहाजा वह भी उस मीटिंग में पहुंच गए। राष्ट्रपति ट्रंप चीन के साथ चल रही अमेरिकियों अधिकारियों की टॉप सीक्रेट मीटिंग में पहुंचने की सूचना पाते ही बौखला गए। उन्होंने पूछा कि एलन वहां क्या कर रहा है? ट्रंप ने ह्वाइट हाउस के अधिकारियों को परेशान करने वाले टेस्ला के बॉस मस्क को बैठक से बाहर करवाने के लिए मीटिंग को ही रद्द करवा दिया। बैठक की सूचना लीक होने की जांच शुरू कर दी गई है। इतना ही नहीं, सूचना लीक करने के आरोप में ह्वाइट हाउस के दोनों अधिकारियों पर भी गाज गिराई गई। अमेरिका के रक्षा सचिव पीट्स हेगसेथ ने पेंटागन के दो शीर्ष अधिकारियों, डैन कैलडवेल और डेरिन सेलनिक को निलंबित कर दिया है। अब इस बात की जांच की जा रही है कि मस्क को चीन के साथ टॉप सीक्रेट मीटिंग की सूचना किसने पहुंचाई। बैठक में मस्क के होने की सूचना मिलते ही कथित तौर पर डोनाल्ड ट्रम्प ने उन्हें चीन पर एक शीर्ष गुप्त सरकारी बैठक में भाग लेने से रोक दिया। चीन पर टॉप सीक्रेट मीटिंग की सूचना लीक होने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने कर्मचारियों को यह बैठक रद्द करने का आदेश दिया। इसके बाद हेगसेथ ने बैठक को रद्द करने का फैसला सुनाया। एक शीर्ष अधिकारी के अनुसार, जब ट्रम्प ने टेस्ला के सीईओ की योजनाबद्ध उपस्थिति के बारे में सुना, तो उन्होंने कथित तौर पर गुस्से में बड़बड़ाना शुरू कर दिया और कर्मचारियों से कहा, 'एलन वहाँ क्या कर रहा है? सुनिश्चित करें कि वह न जाए।' राष्ट्रपति कथित तौर पर इस बात से नाराज थे कि मस्क को ब्रीफिंग दी जा रही है, क्योंकि स्पेसएक्स के संस्थापक मस्क के चीन में अरबों पाउंड के व्यापारिक हित हैं। ऐसे में मस्क को इस बैठक में शामिल होने के लिए संभवतः लालसा अधिक थी। एक अमेरिकी सूत्र ने समाचार आउटलेट को बताया, 'राष्ट्रपति अभी भी एलन से प्यार करते हैं, लेकिन कुछ सीमाएं हैं। एलन का चीन में बहुत कारोबार है।

'सुपर संसद' वाले बयान पर सिब्बल ने उप राष्ट्रपति को दिया जवाब

नई दिल्ली, 18 अप्रैल (एजेंसी)। राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के उस बयान का जवाब दिया है, जिसमें उन्होंने इशारा किया था कि सुप्रीम कोर्ट को 'सुपर संसद' के रूप में काम नहीं करना चाहिए। कपिल सिब्बल ने कहा कि किसी भी राज्यपाल द्वारा बिल को लटकाना विधायिका के अधिकार में हस्तक्षेप की तरह है। उन्होंने कहा कि अगर एक मंत्री गवर्नर के पास जाते हैं और वहां पर दो साल तक बने रहते हैं, वे लगातार जनता के मुद्दे को उठा रहे हैं, तो क्या गवर्नर इसकी अनदेखी कर सकते हैं? उन्होंने कहा कि इसलिए यह कहना कि किसी की शक्ति में कटौती हो रही है, मेरी राय में सही नहीं है। सिब्बल ने कहा कि अगर संसद किसी बिल को पारित कर देती है और राष्ट्रपति उसे अपने पास रखे रहें, तो क्या होगा। उन्होंने कहा कि यह तो विधायिका की सुप्रीमेसी पर चोट है। दरअसल, जगदीप धनखड़ ने गुरुवार को एक कार्यक्रम में कहा था कि कोर्ट को सुपर संसद के रूप में काम नहीं करना चाहिए, क्योंकि कानून बनाना संसद का काम है। उन्होंने पूछा कि कोई भी कोर्ट राष्ट्रपति को कैसे आदेश दे सकती है, आखिर हमारा देश कहां जा रहा है, हमें बहुत ही संवेदनशील होने की जरूरत ह।. उन्होंने कहा कि संविधान ने कानून की व्याख्या करने का अधिकार कोर्ट को दिया है, लेकिन उसके लिए पांच जजों को बैठकर निर्णय करना होता है। सिब्बल ने कहा कि दोनों ही सदनों के अध्यक्षों का काम किसी भी पार्टी के लिए प्रवक्ता की तरह काम करना नहीं होता है। उन्हें निष्पक्षता बनाए रखने की जरूरत होती है, इसलिए उनका आसन बीच में होता है। उन्होंने कहा, कि"हर कोई जानता है कि लोकसभा अध्यक्ष की कुर्सी बीच में होती है। वह सदन के अध्यक्ष होते हैं, किसी एक पार्टी के अध्यक्ष नहीं। वे मतदान भी नहीं करते हैं, वे केवल तभी मतदान करते हैं जब पक्ष एवं विपक्ष को बराबर मत मिलते हैं। उच्च सदन के साथ भी यही बात है। आप विपक्ष और सत्ता पक्ष के बीच समान दूरी पर हैं।"

पुरुषों के साथ-साथ महिलाओं ने भी किया रक्तदान

मीरापुर, 18 अप्रैल (बु.)। कस्बें में शाइन चेरिटेबल ब्लड सेंटर द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में हिन्दू व मुस्लिम समुदाय के सैकड़ों लोगों ने रक्तदान किया। शिविर में महिलाओं ने भी रक्तदान किया। शुक्रवार को मीरापुर कस्बें के एक बैंकेट हॉल में शाइन चेरिटेबल ब्लड सेंटर के तत्वाधान एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान रक्तदान शिविर सुबह दस बजे प्रारम्भ हुआ। शिविर में पहुँची शाइन चेरिटेबल ब्लड सेंटर मेरठ के प्रशिक्षित चिकित्सकों की टीम के सदस्यों ने सर्वप्रथम रक्तदाताओं की जांच की। सुबह दस बजे से प्रारम्भ हुआ रक्तदान शिविर दोपहर दो बजे तक चला। इस दौरान हिन्दू मुस्लिम समाज के करीब 44 लोगों ने रक्तदान किया। शिविर में महिलाओं ने भी रक्तदान किया। शिविर में रक्तदान करने वाले लोगों को आयोजकों ने प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान रक्तदान करने वालों व व्यवस्था बनाने वालों में डॉ. नाजिम अहमद, डॉ. इंतखाब राणा, आयुष काम्बोज, सूरज कुमार, अतुल कुमार, आशीष कुमार, जोया मलिक, विकास कुमार, बिन्नू चावड़ा, अक्की किंग, सतेन्द्र राठी, संजीव काम्बोज, अमित संगल, मौ. सरताज, रवि शर्मा आदि शामिल रहे।

संभल सीओ अनुज चौधरी को बड़ी राहत मिली क्लीन चिट

संभल, 18 अप्रैल (एजेंसी)। सेवा आचरण नियमावली के उल्लंघन मामले में संभल के उड अनुज चौधरी को बड़ी राहत मिली है। एडीजी लॉ एंड ऑर्डर मनोज कुमार अवस्थी ने संभल सीओ अनुज चौधरी को क्लीन चिट दे दी है। बता दें कि अनुज चौधरी 16 दिसंबर 2023 से संभल में तैनात हैं। हाल ही में संपन्न हुए होली एवं ईद पर्व के दौरान अनुज चौधरी का एक बयान खूब चर्चा में रहा था, जिसमें उन्होंने कहा था कि ईद की सेवइयां खिलानी है तो गुजिया भी खानी होगी। इससे पूर्व होली के त्योहार को लेकर कहा था कि जुमे की नमाज साल में 52 बार आती है, जबकि होली का त्योहार साल में सिर्फ एक बार आता है। उनके इन दोनों बयानों ने प्रदेश ही नहीं पूरे देश में बवाल मचाया था। उनके इन बयानों को लेकर पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर ने इसे जानबूझकर सरकारी सेवक आचरण नियमावली का उल्लंघन करार देते हुए शिकायत दर्ज कराई थी। इसकी जांच एडीजी लॉ एंड ऑर्डर मनोज कुमार अवस्थी के नेतृत्व में चल रही थी। अवस्थी ने उड अनुज चौधरी को अपनी जांच में क्लीन चिट दे दी है। अनुज चौधरी को जांच में क्लीन चिट मिलने के बाद अब उन्हें बड़ी राहत मिली है।

मुजफ्फरनगर मंडी

मुजफ्फरनगर, 18 अप्रैल, (बु.)। गुड़-शक्कर के भाव इस प्रकार रहेः- रसकट ढैया 1200-1240, चाकू 1380-1665, लड्डू 1525-1560, खुरपापाड़ 1400-1412, शक्कर मसाला 1500-1565, आमद- 5000 मन।

सर्राफा बाजार

मुजफ्फरनगर, 18 अप्रैल, (बु.)। मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहेः-

सोना-	95000	चांदी-	97200
सिक्का-	10500	गिन्नी-	70815

आपका आज का राशिफल

शनिवार, 19 अप्रैल, 2025

मेष- परिस्थितियों में क्रमिक सुधार, नवयोजना के शुरूआत हेतु विचार-विमर्श, वैवाहिक अड़चनें समाप्त, आपसी वैमनस्यता में कमी, भौतिक सुख के साधन।

वृषभ-आ्थक व्यवसायिक पक्ष में परिश्रम के अनुरूप सफलता, दूसरों के आश्वासनों से मानसिक राहत, प्रेमसम्बन्धों में अत्यधिक प्रगाढ़ता, दर्शनीय स्थलों की यात्रा।

मिथुन- आज रात्रि 11/56 बजे तक समय प्रतिकूल, भाग्य में न्यूनता, किसी मुद्दे पर तनाव, आत्मीयजनों से कष्ट, शेष समय में कठिनाइयों का निवारण, सुयश की प्राप्ति।

कर्क- आज रात्रि 11/56 बजे तक दिनचर्या व्यवस्थित, सफलता का सुयोग, कर्ज की निवृत्ति, ज्ञान-विज्ञान में रुचि, शेष समय में कार्यों में अड़चनें, यात्रा विफल।

सिंह- विचाराधीन योजना का कार्यरूप में परिणित, सामाजिक क्रियाकलापों की ओर अभिरुचि, आपसी सौहार्द, पारस्परिक सम्बन्धों में मधुरता, वैमनस्यता का समापन।

कन्या- स्वास्थ्य सुधार पर, पुराने विवाद का हल पक्ष में, परिवार में उल्लासमय वातावरण, नौकरी में पदोन्नति, राजनैतिक लाभ का प्रयास सार्थक।

तुला- आज रात्रि 11/56 बजे तक निराशा, आरोग्य सुख में व्यतिक्रम, उलझनें, दुर्जनों से कष्ट, शेष समय योजना की पूर्ति के लिए बेहतर, आ्थक उन्नति, शांति।

वृश्चिक- आज रात्रि 11/56 बजे तक सफलता, व्यापार में धन निवेश, स्वनिर्णय हितकर, यात्रा का प्रसंग, शेष समय में परेशानी, अपेक्षित सहयोग का अभाव।

धनु- कार्य व्यवसाय में परिश्रम के अनुरूप सफलता, परोपकार की भावना जागृत, राजकीय पक्ष से लाभान्वित, दाम्पत्य जीवन मधुर, सुसमाचार की प्राप्ति।

मकर- भाग्योन्नति के नवीन आयाम सुलभ, स्वविवेक से लिया गया निर्णय हितकर, किसी आयोजन में सम्मिलित होने का सुअवसर, धार्मिक क्रियाकलापों में रुचि।

कुम्भ- आज रात्रि 11/56 बजे तक समस्याएं प्रभावी, जोखिम से नुकसान, आत्मीयजनों से कटुता, शेष समय में सामयिक कार्य प्रगति पर, नवसम्पर्क।

मीन- आज रात्रि 11/56 बजे तक दिनचर्या व्यवस्थित, अधूरे कार्य पूर्णता, अकल्पित लाभ, समय विपरीत, योजना पूर्ति में विलम्ब, विश्वासघात की आशंका।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत्र स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुज़फ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।

सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

मिनरल वाटर के लिए बारातियों में छिड़ी जंग, दूल्हे ने दुल्हन के भाई को कूटा, टूट गई शादी

गाजीपुर, 18 अप्रैल (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के गाजीपुर में पानी बोतल न मिलने पर बारातियों ने हंगामा कर दिया। दुल्हन पक्ष ने उन्हें हैंडपंप का पानी दे दिया। इस पर दूल्हा पक्ष के लोग भड़क गए। मामला इतना बढ़ गया कि दूल्हे ने दुल्हन के भाई के ऊपर हमला कर दिया, जिससे उसे चोट लग गई। दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई। गुस्साए दुल्हन पक्ष ने दूल्हे को बंधक बना लिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने दूल्हे को छुड़वाया। इस बीच बिना दुल्हन के बारात वापस लौट गई। रेवतीपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में बुधवार को बारात आई थी। घरातियों ने बारात का जमकर स्वागत सत्कार किया। जयमाल तक की रस्म पूरा हो चुकी थी। उसके बाद भोजन की तैयारी चल रही थी। अचानक घराती और बारातियों में बंद बोतल पानी पीने को लेकर जमकर नोकझोंक हो गई। मामला इतना बढ़ गया कि उनमें मारपीट की भी नौबत आ गई, जिसके बाद बारात बिना शादी किए ही वापस चली गई। इस बीच दोनों पक्ष के लोग थाने पर पहुंचे, जहां आपसी सुलह समझौता के बाद पुलिस ने सभी को छोड़ दिया। ग्रामीणों के मुताबिक, बारात सुहवल थाना क्षेत्र के गांव से रेवतीपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में पहुंची। द्वारचार और जयमाल के उपरांत लड़की पक्ष के लोग बारातियों के पंडाल पहुंचे। यहां बारातियों ने घरातियों से आरओ का बंद बोतल का पानी की डिमांड रखी। बताया जाता है कि घरातियों ने उनकी बात को अनसुना कर हैंडपम्प का पानी उपलब्ध होने की बात कही। इसी पर दोनों पक्षों में नोकझोंक होने लगी, जो मारपीट में बदल गई। काफी मशक्कत और बीच बचाव के बाद मामला शांत हुआ। इस बीच लडकी पक्ष ने दुल्हे को बंधक बना लिया, जिस पर बाराती भड़क गये और इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने दुल्हे को घरातियों से मुक्त कराया। काफी मानमन्नौवल के बाद भी लडकी पक्ष के लिए राजी नहीं हुए, जिस पर बाराती बिना शादी किए बिना अपने घर चले गये। थानाध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार पांडेय ने बताया कि दोनों पक्षों में सुलह समझौता हो गया और सभी अपने घर चले गये।

भारत अंतरिक्ष में रचेगा इतिहास, शुभांशु शुक्ला मई में स्पेस स्टेशन के लिए होंगे रवाना



नई दिल्ली, 18 अप्रैल (एजेंसी)। भारत की अंतरिक्ष यात्रा में गगनयान मील का पत्थर साबित होने वाला है। इस यात्रा की समय-सीमा की घोषणा करते हुए केंद्र सरकार ने कहा है कि गगनयात्री या अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला अगले महीने अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए उड़ान भरेंगे। केंद्रीय अंतरिक्ष एवं प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि "अगले महीने एक भारतीय अंतरिक्ष यात्री को लेकर अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष मिशन तय है। भारत अपनी अंतरिक्ष यात्रा में एक निर्णायक अध्याय लिखने के लिए तैयार है। इसरो नई सीमाओं को निर्धारित करने के साथ ही एक भारतीय अंतरिक्ष यात्री को अंतरिक्ष मिशन में भेजने के लिए तैयार है। गगनयान की तैयारियों, आईएसएस मिशन और भारत के अंतरिक्ष सपने और भी ऊंचे उठ रहे हैं।" पिछले आठ महीनों से नासा और निजी अंतरिक्ष कंपनी एक्सिओम स्पेस के साथ प्रशिक्षण ले रहे ग्रुप कैप्टन शुक्ला एक निजी वाणिज्यिक मिशन पर आईएसएस के लिए उड़ान भर रहे हैं, जिसके लिए भारत ने 60 मिलियन डॉलर से अधिक का भुगतान किया है। इस मिशन को स्पेसएक्स फाल्कन 9 रॉकेट से लॉन्च किया जाएगा और चार लोगों का दल स्पेसएक्स क्रू ड्रैगन कैप्सूल में बैठेगा, जो अमेरिका के फ्लोरिडा में कैनेडी स्पेस सेंटर से उड़ान भरेगा। लखनऊ के रहने वाले शुक्ला 40 वर्ष के हैं और भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने इस मिशन के लिए अपने सबसे युवा अंतरिक्ष यात्री को चुना है, क्योंकि उनके सामने लंबा करियर है। एक्सिओम-4 मिशन की कमांडर नासा की पूर्व अंतरिक्ष यात्री पैगी व्हिटसन होंगी, जो अब एक्सिओम स्पेस के लिए काम करती हैं। अन्य दो क्रू मेंबर्स में पोलैंड के स्लावोज उज्नान्स्की हैं, जो यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के अंतरिक्ष यात्री हैं और मिशन विशेषज्ञ होंगे। वहीं दूसरे क्रू मेंबर हंगरी के टिबोर कापू हैं, उनकी भी यही भूमिका होगी। ग्रुप कैप्टन शुक्ला मिशन के पायलट होंगे।

न्यूजीलैंड के डारेल मिशेल की लाहौर में इतनी महंगी घड़ी हुई चोरी, पाकिस्तान क्रिकेट में मचा हड़कंप

नयी दिल्ली, 18 अप्रैल (एजेंसी)। पाकिस्तान सुपर लीग में इस बार अजब-गजब हो रहा है। खेल से ज्यादा दूसरी बातें हो रही हैं। एक दिन पहले ही हेयर ड्रायर ने सुर्खियां बटोरी थीं। इस खबर पर चर्चा खत्म भी नहीं हुई थी कि अब न्यूजीलैंड के स्टार क्रिकेटर डारेल मिशेल की बहुत ही महंगी घड़ी का लाहौर में चोरी होना पाकिस्तान क्रिकेट के लिए शर्मिंदगी का सबब बन गया है। इस घड़ी की कीमत 1.2 करोड़ रुपये है। पुलिस ने इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। यह घटना पाकिस्तान क्रिकेट सर्किल ही नहीं, बल्कि पूरे देश में चर्चा और शर्मिंदगी का विषय बनी हुई है। बहरहाल, फैंस इस घटना के लिए पाकिस्तान के हालात अपने ही अंदाज में बयां कर रहे हैं। कीवी आक्रामक बल्लेबाज डारेल मिशेल पीएसएल में लाहौर कलंदर से खेलते हैं और उनकी सेलरी शाहीन आफरीदी और बाबर आजम के बराबर है। साल 2025 के लिए फ्रेंचाइजी से उन्हें 1.88 करोड़ रुपये मिले हैं। अब आप सोचिए कि मिशेल को अगर घड़ी नहीं मिलती है, तो उन्हें कितनी मोटी चपत लगेगी।

साध्वी प्राची ने की पुरुष आयोग की मांग

मेरठ, 18 अप्रैल (एजेंसी)। मेरठ में पहुंचीं विश्व हिंदू परिषद से जुड़ी साध्वी प्राची ने देश में पुरुषों के लिए आयोग बनाए जाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि आजकल शादी करके छोड़ देना फैशन बन गया है और सोशल मीडिया की रीलों के चक्कर में महिलाओं में पश्चिमी संस्कार बढ़ते जा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि महिलाओं के अधिकारों के लिए देश में कई संस्थान और कानून मौजूद हैं, लेकिन पुरुषों के लिए कुछ नहीं है, इसलिए अब पुरुष आयोग का गठन होना चाहिए। साध्वी प्राची ने आरोप लगाया कि माता-पिता अपने बच्चों को उचित संस्कार नहीं दे रहे हैं, जिसकी वजह से सामाजिक संरचना बिगड़ रही है। साध्वी प्राची अपने विवादित और भड़काऊ बयानों के लिए जानी जाती हैं। हाल ही में उन्होंने पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में हुई हिंसा को लेकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधा था और कहा था कि उन्होंने बंगाल को बर्बाद कर दिया है। उन्होंने सुझाव दिया कि बंगाल में उत्तर प्रदेश जैसे मुख्यमंत्री की जरूरत है, क्योंकि ममता बनर्जी ने कट्टरपंथियों को खुली छूट दे दी है, जिससे हिंदू समुदाय डर के साए में जी रहा है और पलायन के लिए मजबूर है। उन्होंने कासगंज में कहा कि पश्चिम बंगाल में तत्काल राष्ट्रपति शासन लागू किया जाना चाहिए, क्योंकि वहां की सरकार सोची-समझी रणनीति के तहत हिंदू अल्पसंख्यकों पर अत्याचार

1973-2025

सम्पादक की क़लम से

उपराष्ट्रपति धनखड़ की नाराजगी

खबरों की दुनिया में, चैनलों की बहस में कल से उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की नाराजगी ही सुर्खियों में है। उनकी यह नाराजगी सुप्रीम कोर्ट के एक आदेश के बाद सामने आई। संविधान और कानून के जानकारों का कहना है कि उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने संवैधानिक सत्य कहा है। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले पर केरल के राज्यपाल राजेंद्र आर्लेकर ने भी तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने भी एक तरह से नाराजगी जतायी है। सुप्रीम कोर्ट ने अपने हालिया फैसले में राष्ट्रपति को तीन महीने में विधेयक पर फैसला लेने की सलाह दी है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि अगर तीन महीने की समय सीमा में राष्ट्रपति फैसला नहीं लेते हैं, तो उन्हें इसकी वाजिब वजह बतानी होगी। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के चलते राज्यपाल भी अनिश्चित समय तक विधेयक को लंबित नहीं रख सकेंगे। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले की केरल के राज्यपाल राजेंद्र आर्लेकर ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि अगर संविधान संशोधन का काम भी सुप्रीम कोर्ट करेगा तो फिर संसद और विधानसभाएं किस लिए हैं? केरल के राज्यपाल राजेंद्र आर्लेकर की तीखी प्रतिक्रिया के बाद अब उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की नाराजगी बहुत चर्चाओं में है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सुप्रीम कोर्ट की उस सलाह पर आपत्ति जताई, जिसमें उसने राष्ट्रपति और राज्यपालों को बिलों को मंजूरी देने की समय सीमा तय की थी। धनखड़ ने कहा कि ₹अदालतें राष्ट्रपति को आदेश नहीं दे सकतीं₹। उन्होंने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत कोर्ट को मिला विशेष अधिकार लोकतांत्रिक शक्तियों के खिलाफ 24*7 उपलब्ध न्यूक्लियर मिसाइल बन गया है। जज सुपर पार्लियामेंट की तरह काम कर रहे हैं। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की पीठ ने कहा था, राज्यपाल के पास कोई वीटो पावर नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने सरकार के 10 जरूरी बिलों को राज्यपाल की ओर से रोके जाने को अवैध भी बताया था। राज्यसभा के प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि हमारे पास ऐसे न्यायाधीश हैं जो कानून बनाएंगे, जो कार्यकारी कार्य करेंगे, जो 'सुपर संसद' के रूप में भी कार्य करेंगे। उनकी कोई जवाबदेही नहीं होगी, क्योंकि देश का कानून उन पर लागू नहीं होता है। लोकतंत्र में चुनी हुई सरकार सबसे अहम होती है और सभी संस्थाओं को अपनी-अपनी सीमाओं में रहकर काम करना चाहिए। कोई भी संस्था संविधान से ऊपर नहीं है। उन्होंने कहा कि जस्टिस वर्मा के घर अधजली नकदी मिलने के मामले में अब तक एफआईआर क्यों नहीं हुई? क्या कुछ लोग कानून से ऊपर हैं? इस केस की जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट ने तीन जजों की इन-हाउस कमेटी बनाई है। इसका कोई संवैधानिक आधार नहीं है। कमेटी सिर्फ सिफारिश दे सकती है, लेकिन कार्रवाई का अधिकार संसद के पास है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि अगर ये मामला किसी आम आदमी के घर का होता, तो अब तक पुलिस और जांच एजेंसियां सक्रिय हो चुकी होतीं। न्यायपालिका हमेशा सम्मान की प्रतीक रही है, लेकिन इस मामले में देरी से लोग असमंजस में हैं। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि भारत ने ऐसे लोकतंत्र की कल्पना नहीं की थी। उन्होंने कहा, एक निर्णय द्वारा राष्ट्रपति को निर्देश दिया गया है। हम कहां जा रहे हैं? देश में क्या चल रहा है? हमें अत्यंत संवेदनशील होना होगा। धनखड़ ने कहा कि उनकी चिंताएं 'बहुत उच्च स्तर' पर है और उन्होंने अपने जीवन में कभी नहीं सोचा था कि उन्हें ये भी देखना पड़ेगा। कार्यक्रम में मौजूद प्रशिक्षुओं को याद दिलाते हुए उन्होंने कहा कि भारत के राष्ट्रपति का पद बहुत ऊंचा है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति संविधान की रक्षा, संरक्षण और बचाव की शपथ लेते हैं, जबकि मंत्री, उपराष्ट्रपति, सांसद और न्यायाधीश समेत अन्य लोग संविधान का पालन करने की शपथ लेते हैं। उपराष्ट्रपति ने कहा कि हम ऐसी स्थिति नहीं बना सकते हैं, जहां आप भारत के राष्ट्रपति को निर्देश दें और किस आधार पर? संविधान के तहत आपके पास एकमात्र अधिकार अनुच्छेद 145(3) के तहत संविधान की व्याख्या करना है। इसके लिए पांच या उससे अधिक न्यायाधीश होने चाहिए। न्यायपालिका, कार्यपालिका, विधायिका और पत्रकारिता, लोकतन्त्र के ये चार स्तम्भ है और इन चारों ही की अपनी-अपनी सीमा है। केरल के राज्यपाल राजेंद्र आर्लेकर और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ इन्हीं सीमाओं की बात कर रहे हैं। पश्चिम बंगाल में कार्यपालिका और विधायिका दोनों ही ढंग से काम नहीं कर रही है, उन पर न्यायपालिका की टिप्पणियों का भी असर नहीं है, वहाँ पत्रकारिता ही कुछ हद तक मुखर है, उस पर भी कभी-कभी विधायिका हावी हो जाती है। उपराष्ट्रपति जिस अनुच्छेद 142 को न्यूक्लियर मिसाइल बता रहे हैं, वह एक खास नियम है। यह सुप्रीम कोर्ट को किसी भी मामले में पूरी तरह से न्याय करने के लिए जरूरी आदेश देने का अधिकार देता है। एक स्टडी के मुताबिक सुप्रीम कोर्ट ने 1950 से 2023 के बीच 1579 मामलों में अनुच्छेद 142 या 'पूरी तरह से न्याय' शब्द का उल्लेख किया है। इनमें से ज्यादातर दीवानी मामले थे। शुरूआती सालों में कोर्ट ने अनुच्छेद-142 का इस्तेमाल बहुत कम किया। 1962 में प्रेम चंद गर्ग मामले में कोर्ट से पूछा गया कि क्या यह अनुच्छेद उसे ऐसे नियम बनाने की इजाजत देता है, जो अनुच्छेद-32 के दायरे को सीमित कर दे। पांच जजों की बेंच ने इसका जवाब 'नहीं' में दिया। जस्टिस गजेंद्र गडकर ने कहा कि पूरी तरह से न्याय करने के लिए दिया गया कोई भी आदेश 'संविधान द्वारा दिए गए मौलिक अधिकारों के साथ-साथ कानूनों के प्रावधानों के अनुसार भी होना चाहिए'। 1998 में सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन मामले में पांच जजों की बेंच ने कहा कि अनुच्छेद-142 किसी मामले में लागू मौजूदा कानून को 'बदल' नहीं सकता है। 2000 के दशक में भी ऐसा देखने को मिला। 2006 में स्टेट ऑफ कर्नाटक बनाम उमादेवी मामले में कोर्ट ने कहा कि वह अनुच्छेद-142 के तहत कोई राहत नहीं देगा, जिससे गैरकानूनी काम हो। कोर्ट ने इस नियम का इस्तेमाल लोगों को मुआवजा देने के लिए किया है। कोर्ट ने इस नियम का इस्तेमाल शराब की बिक्री रोकने के लिए किया। कोर्ट ने इस नियम का इस्तेमाल तलाक के नियम को बदलने के लिए किया। कोर्ट ने इस नियम का इस्तेमाल चुनाव को रद्द करने के लिए किया। कोर्ट ने इस नियम का इस्तेमाल लोगों की मदद करने के लिए किया है।

चार तीर

सुनील उत्सव

"जहन" "जिन्दगी" "वतन" "दायरे"

जहन के कुछ दर नये खुलने लगे हैं।
जिन्दगी के रास्ते खुलने लगे हैं।।
है वतन में अब बड़ी अच्छी सियासत,
सोच के भी दायरे खुलने लगे हैं।

ओवरलोड वाहनों पर 6,71,400 रुपये का लगाया जुर्माना, ओवरलोड ट्रकों को कराया सीज

- एसडीएम खतौली एआरटीओ मुजफ्फरनगर के साथ स्वयं सड़कों पर उतरी और ओवरलोड वाहनों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई करा दी

मुजफ्फरनगर/खतौली, 18 अप्रैल (बु.)। कुछ दिनों से जनपद मुजफ्फरनगर में ओवरलोड वाहनों की शिकायत प्राप्त होने पर आज डीएम के निर्देश पर एसडीएम खतौली मोनालिसा जौहरी स्वयं संज्ञान लेकर परिवहन व पुलिस विभाग के साथ संयुक्त रूप से सड़कों पर उतर पड़ी और उनके द्वारा एआरटीओ मुजफ्फरनगर सतीश कुमार मिश्रा व यात्री कर अधिकारी, प्रवर्तन दल, नायब तहसीलदार खतौली अमित रस्तोगी व पुलिस बल खतौली को साथ लेकर थाना क्षेत्र खतौली में संयुक्त अभियान चलाया, जिसमें उन्होंने ओवरलोड वाहनों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए 6,71,400/- रुपए का जुर्माना लगाया इसी के साथ 13 वाहनों को सीज कराते हुए थाने में खड़ा करा दिये गये तथा कुछ अन्य वाहनों पर भी परिवहन विभाग के द्वारा चेकिंग की गई और जिस वाहन पर जो भी कमी पाई गई, उसके अनुरूप नियमों के अनुसार वैधानिक कार्रवाई अमल में लाई गई और कुल 48 वाहनों पर 6,71,400 रुपये का जुर्माना लगाया गया। एसडीएम की उक्त कार्रवाई से ट्रक मालिकों में हड़कंप मच गया। एसडीएम ने परिवहन विभाग व यातायात पुलिस को निर्देशित किया कि वह इसी तरीके से प्रतिदिन अभियान चलाकर कार्रवाई करें तथा अपनी कार्रवाई से उच्च अधिकारियों को भी अवगत कराये। किसी भी स्थिति में नियमों के विरुद्ध कोई भी वाहन रोड पर चलते हुए ना पाया जाए। वहीं एसडीएम खतौली मोनालिसा जौहरी ने बताया कि आज संयुक्त अभियान परिवहन विभाग व पुलिस विभाग के साथ चलाया गया है, जिसमें कुछ वाहनों पर वैधानिक कार्रवाई की गई है, जुर्माना भी लगाया गया है, आगे भी परिवहन विभाग व पुलिस विभाग संयुक्त रूप से इसी तरीके से अभियान चलाकर कार्रवाई करते रहेंगे।

दवा व्यापारियों में नए पोर्टल को लेकर भारी रोष

मुजफ्फरनगर, 18 अप्रैल (बु.)। मुजफ्फरनगर कैमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन की संपन्न बैठक में पदाधिकारियों ने ड्रग पोर्टल में आ रही समस्याओं को लेकर दवा व्यापारियों को अवगत कराया। बैठक में सेंट्रल द्वारा नए पोर्टल में होलसेल के लाइसेंस, गोदाम व रिनुवल की समस्याओं को लेकर व्यापारियों को हो रही परेशानी पर काफी रोष है जिसकी शिकायत आए दिन पदाधिकारियों से किए जाने पर चर्चा की गई। साथ ही संगठन के पदाधिकारियों ने इन समस्याओं को लेकर जल्द से निदान करवाए जाने का संकल्प लिया। संगठन के जिलाध्यक्ष सुभाष चौहान ने कहा कि व्यापारियों की इन समस्याओं के निदान के लिए एक प्रतिनिधिमंडल डीएम से जल्द ही मिलेगा और उन्हें एक ज्ञापन देकर समस्याओं से अवगत कराते हुए औषधि अनुज्ञापन प्राधिकारी सहारनपुर मंडल सहारनपुर से वार्ता करेगा। बैठक में संस्था के चेयरमैन प्रमोद मित्तल ने औषधि व्यापारियों के साथ आमजन से अनुरोध किया कि ऑनलाइन दवा खरीदने से बचें, क्योंकि अधिकतर देखा जा रहा है कि दवा कारोबार में ऑनलाइन औषधि में नकली दवा ज्यादा दी जा रही है। उन्होंने कहा कि ऐसे में कोशिश करें की दवा को अपने नजदीकी मेडिकल स्टोर से ही खरीदेंऔर बिल से खरीदें। बैठक में सतपाल सिंह, डॉ. आस्के गुप्ता, सुधीर मटरोजा, पंकज तनेजा, सचिन त्यागी, दिव्य प्रताप सोलंकी, सतीश तायल, मनोज गर्ग, हरीश गुप्ता, सुधीर त्यागी, सुबोध गोयल आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

चाट बाजार के दुकानदारों का धरना रहा जारी, जताया विरोध

मुजफ्फरनगर, 18 अप्रैल (बु.)। टाउनहॉल मैदान के बाहर लगने वाले चाट बाजार को हटाए जाने को लेकर अब स्थानीय ठेले वालों ने टाउनहॉल के बाहर दरी बिछाकर पालिका प्रशासन पर अपने उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए अनिश्चितकालीन धरना प्रारंभ कर दिया। शुक्रवार को भी यहां फड व ठिए लगाकर अपने परिवार का भरण पोषण करने वाले तमाम दुकानदार धरने पर डटे रहे और उन्होंने नगर पालिका प्रशासन को चेताया कि जब तक उनकी इस समस्या का निदान नहीं हो जाता, उनका धरना जारी रहेगा। टाउनहाल के बाहर धरने पर बैठे इन गरीब परिवारों के समर्थन में भाकियू टिकैत के जिलाध्यक्ष नवीन राठी एवं शिवसेना मंडल प्रमुख शरद कपूर व क्रांति सेना के महानगर अध्यक्ष देवेंद्र चौहान समेत कई संगठन समर्थन दे चुकी है। इन संगठनों का कहना कि नगर पालिका प्रशासन गरीब ठेले वालों के मुंह का निवाला छीनने की कोशिश कर रहा है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। भाजपा नेता इन लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने के बजाय रोजगार छीनने में काम कर रही है। उन्होंने चेताया कि इन गरीब परिवारों की आवाज हर स्तर पर बुलंद की जाएगी और यदि पालिका प्रशासन ने चाट बाजार को हटाने का निर्णय नहीं बदला तो इसके विरुद्ध मोर्चा खोल देगी। धरना पर ईश कौशल, देवेंद्र, राजेंद्र, राजेश, पंकज, मदन, आजाद कुल्फी आदि मौजूद रहे।

सैटेलाइट टोल 1 मई से लागू नहीं होगा, सरकार ने दी सफाई

नई दिल्ली, 18 अप्रैल (एजेंसी)। देशभर में टोल प्रणाली को लेकर जारी अफवाहों पर केंद्र सरकार ने स्थिति स्पष्ट कर दी है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने साफ किया है कि 1 मई 2025 से सैटेलाइट बेस्ड टोल सिस्टम लागू करने को लेकर कोई निर्णय नहीं लिया गया है। हाल ही में कई मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि भारत सरकार मौजूदा फास्टैग बेस्ड टोल सिस्टम को हटाकर सैटेलाइट बेस्ड टोल कलेक्शन सिस्टम लागू करने जा रही है। इन रिपोर्ट्स में कहा गया कि नया सिस्टम 1 मई से लागू होगा। इसी को देखते हुए मंत्रालय ने स्पष्टीकरण जारी किया है। सरकार ने कहा है कि फिलहाल एएनपीआर और फास्टैग बेस्ड बाधा रहित टोलिंग सिस्टम को कुछ चयनित टोल प्लाजा पर लागू किया जाएगा। भारत सरकार फिलहाल सैटेलाइट बेस्ड टोल सिस्टम लागू नहीं कर रही है।

पीआर पब्लिक स्कूल प्रांगण में रही वर्ल्ड हेरिटेज डे की धूम

मुजफ्फरनगर, 18 अप्रैल (बु.)। पचेंडा रोड स्थित पीआर पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को वर्ल्ड हेरिटेज डे बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस दौरान कक्षा एक से लेकर कक्षा 12वीं तक के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं में भाग लिया जिनमें जीके क्विज, वाद- विवाद, पोस्टर मेकिंग कंपटीशन आदि शामिल रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की विशेष प्रार्थना सभा के साथ किया गया। जिसमें अध्यापिका निशु चौधरी ने बच्चों को विश्व धरोहर दिवस के बारे में ज्ञानवर्धक जानकारियां उपलब्ध कराई। जीके क्विज प्रतियोगिता में विजेता रहे छात्र-छात्राओं में शिवांश, अवनी गर्ग, सक्षम पाल, अवनी शर्मा, आराध्या शर्मा, धैर्य शर्मा, समृद्धि, आर्य कौशिक, परिधि, सौम्या, निकुंज, गौरव, विधि कालसन, वंशिका, आरव शर्मा एवं माहिरा आदि शामिल रहे। कक्षा 9 से 12वीं के छात्र-छात्राओं ने विश्व धरोहर दिवस प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर इस विषय के पक्ष और विपक्ष में अपने विचार रखे। इस अवसर पर स्कूल निदेशक अनघ सिंघल ने सभी विजेता प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को प्रतियोगिताओं में शानदार प्रस्तुति के लिए उनकी प्रशंसा की और विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत करते हुए कहा कि भारत विविधता का देश है। हमारे देश में अनेक कलाएं, संस्कृति, इतिहास और विरासत स्थल हैं, जो मनुष्य और प्रकृति के बीच संबंधों को भी दर्शाते हैं। उन्होंने बताया कि वर्ल्ड हेरिटेज डे मनाने का उद्देश्य देश में सांस्कृतिक और प्राकृतिक स्थलों को संरक्षण प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि हमारा इस दिन को मनाना तभी सार्थक होता है, जब हम अपने पूर्वजों से मिली धरोहर को संरक्षित और सुरक्षित रखकर उसे आने वाली पीढ़ी के हाथों में सौंप सके। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रवीण कुमार, दिव्या शर्मा, शशि जैन, प्रियंका चौधरी, अजय कुमार, दीपक मलिक, राखी पाल, चेतन मलहान, शिखा ठाकुर, रितेश त्यागी आदि का विशेष योगदान रहा।

S.D. COLLEGE OF COMMERCE
(Affiliated to Maa Shakumbhari University, Saharanpur)
BHOPA ROAD, MUZAFFARNAGAR
Invites Application
for APPOINTMENT OF FACULTY
M.Com. B.Com.
M.Sc.(Home Sc.) Food & Nutrition
B.Sc. Home Science
B.Sc. Micro Biology
B.A.(Economics, Geography, Sociology, Hindi, History, English, Political Science)
B.Sc.(Physics, Chemistry, Maths, Zoology, Botany)
Eligibility & Salary :- As per University Norms
Interested candidates can mail their resume within 07 days of publishing of the advertisement to :
sdccmzn819@gmail.com
or Contact at- 9897690116

श्री अग्र भागवत कथा का आयोजन 22 अप्रैल से

मुजफ्फरनगर, 18 अप्रैल (बुस)। अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन जनपद मुजफ्फरनगर द्वारा श्री "अग्र भागवत" कथा का आयोजन 22, 23, 24 अप्रैल को आशीर्वाद बैंकेट हॉल में किया जाएगा। श्री महामंडलेश्वर आचार्य नर्मदा शंकर पुरी जी महाराज अग्रकुल शिरोमणी महाराजा अग्रसेन के जीवन का रोचक वर्णन करेंगे। संस्था के प्रदेशअध्यक्ष सुरेंद्र अग्रवाल ने बताया कि मंगलवार, 22 अप्रैल को प्रातः 9 बजे शिव मन्दिर, लक्ष्मण विहार से कलश यात्रा निकाली जाएगी। 22 अप्रैल को सायं 3 से 6 बजे श्री अग्र भागवत कथा प्रारम्भ होगी। बुधवार, 23 अप्रैल को विवाह प्रसंग तथा गुरुवार, 24 अप्रैल को सायं 3 से 6 बजे राज्याभिषेक एवं भण्डारे का आयोजन होगा। इसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष अ.भा. अग्रवाल सम्मेलन गोपाल शरण गर्ग तथा अतुल गर्ग, सांसद, लोकसभा, गाजियाबाद रहेंगे। अति विशिष्ट अतिथि गोपाल गोयल, राष्ट्रीय महामंत्री अ.भा. अग्रवाल सम्मेलन, मिनाक्षी स्वरूप, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, अभिमन्यू गुप्ता, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष तथा पूर्व विधायक अशोक कंसल रहेंगे। आयोजक के रूप में प्रमोद मित्तल (राष्ट्र संगठन मंत्री) रामकुमार तायल (प्रदेश महामंत्री) विनोद संगल (जिला अध्यक्ष) अंकुर गर्ग (जिला महामंत्री) टोनी बिंदल(कोषाध्यक्ष) विश्वदीप गोयल (युवा प्रदेश अध्यक्ष) रेणु गर्ग (प्रदेशाध्यक्ष महिला)ममता अग्रवाल प्रदेश महामंत्री महिला विंग) नीति अग्रवाल (जिला अध्यक्ष महिला) रहेंगे। सुरेंद्र अग्रवाल ने कहा कि महाराजा अग्रसेन एक कर्मयोगी थे। समाजवाद के अनुयायी होने के कारण उन्होंने समतामूलक समाज सुनिश्चित करने के लिए एक अनूठा नियम बनाया। उन्होंने घोषणा की कि अग्रोहा में स्थायी रूप से बसने के लिए आने वाले किसी भी व्यक्ति को अग्रोहा के प्रत्येक निवासी द्वारा एक रुपया, एक ईंट दी जाएगी। ईंटों से वह रहने के लिए घर बना सकता है और इससे एकत्र धन से वह अपना खुद का व्यवसाय शुरू कर सकता है। इस तरह प्रत्येक व्यक्ति की थोड़ी सी मदद से समानों के समाज में बराबरी का दर्जा प्राप्त कर सकता है। आज भी समाजसेवा के क्षेत्र में उनके अनुयायी उनके पद चिह्नों पर चल रहे हैं। अग्रोहा में विशाल भवन के साथ सौ करोड़ रुपये की लागत से महालक्ष्मी मंदिर का निर्माण किया जा रहा है। भवन में सौ एसी कमरे हैं। विश्व भर के अग्रसमाज के लिए यह सबसे बड़े तीर्थ के रूप में विकसित हो रहा है। क्षत्रिय धर्म के साथ वाणिज्य को जोड़ा, ताकि दोनों स्रोत मजबूत हों। शारीरिक और आर्थिक दैवीय संपदा की वृद्धि हेतु महालक्ष्मी कुलदेवी स्वीकार किया। इस अवसर पर लोकेश चंद्रा, विनोद संगल, परम कीर्ति अग्रवाल, अश्वनी मित्तल, आशुतोष कुच्छल, शिशुकांत एडवोकेट, वेद प्रकाश मंगल, पीके गुप्ता, सुनील गर्ग, प्रगति कुमार, सीए कृष्ण अग्रवाल, ललित अग्रवाल, ल.के मित्तल, मुनेश सिंघल, बीएम गुप्ता आदि गणमान्यजन उपस्थित रहे।

LALA JAGDISH PRASAD SARASWATI
VIDYA MANDIR INTER COLLEGE
Jansath Road, Muzaffarnagar
REQUIRED
PGT – Physics
PGT – Commerce
TGT – Music Teacher (Female)
TGT – Science
Qualifications:- As per CBSE norms.
VAN DRIVER
Send your CV immediately
Email id: lalajpsvm123mzn@gmail.com

आखिर किसकी शह पर नहीं उठता कूड़ा करकट

- अध्यक्षा को बदनाम करने को सफाईकर्मी बन रहे हैं किसी का मोहरा?

बुढ़ाना, 18 अप्रैल (बु.)। कस्बे में पुरानी सब्जी मंडी के अंदर बुढ़ाना नगर पंचायत की चेयरपर्सन उमा त्यागी के निर्देश पर आसपास के दुकानदारों और वार्डवासियों की सहूलियत के लिए दो वर्ष पूर्व कूड़ा करकट डालने के लिए एक बड़ा लोहे का डिब्बा रखा गया था, जिसमें गीले व सूखे कूड़े की अलग-अलग व्यवस्था है। आसपास के सभी दुकानदार और वार्ड 16 के काफी लोग इस डिब्बे में घरों के अंदर एकत्रित हुआ कूड़ा करकट डालते हैं, तो ये 24 घंटे में ही भर जाता है। अब ताज्जुब इस बात का है कि ये डिब्बा भरने के बाद नगर पंचायत के सफाई कर्मचारी इस डिब्बे को यहां से लेकर नहीं जाते, जिसके चलते कूड़ा-करकट डिब्बे से बाहर सड़क पर फैल जाता है और फिर इसमें अतिक्रमण तो होता ही है, लेकिन कूड़े में कीड़े भी चलना शुरू हो जाते हैं और आते जाते जानवर भी पूरा दिन यहां पर चरते हैं। इन सफाई कर्मचारियों की ड्यूटी यहां से रोजाना कूड़ा करकट उठाने की है, लेकिन वे एक एक हफ्ते में यहां से कूड़ा करकट क्यों नहीं हटाते हैं, इसके लेकर कस्बे में तरह तरह की चर्चाएं हैं, क्योंकि इन चंद सफाई कर्मचारियों का मकसद शायद यहां की महिला चेयरपर्सन को बदनाम करने तक ही सीमित है और अगर ये सब हो रहा है, तो किस की शह पर हो रहा है और जनता को भी दुखी किया जा रहा है। इसकी जांच बहुत ही जरुरी हो गयी है, क्योंकि बुढ़ाना कस्बे के लोगों का आरोप है कि सरकारी वेतन प्राप्त करने वाले ये कर्मचारी मौजूदा चेयरपर्सन के निर्देशों को दरकिनार कर जनता के सब्र का इम्तिहान लेकर आखिर किसको खुश करने में लगे हैं।

इलाहाबाद हाईकोर्ट को मिले छह नए न्यायाधीश, सीजे ने दिलाई शपथ

प्रयागराज, 18 अप्रैल (एजेंसी)। यूपी के इलाहाबाद हाईकोर्ट में लंबित मामलों की सुनवाई में तेजी लाने के उद्देश्य से शुक्रवार को छह नए न्यायाधीशों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। अब हाईकोर्ट में जजों की संख्या 87 हो गई है। मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली ने अपने न्यायालय कक्ष में सभी नए न्यायाधीशों को सुबह दस बजे शपथ ग्रहण कराई। शपथ लेने वाले नए न्यायाधीशों में न्यायमूर्ति अवनीश सक्सेना, न्यायमूर्ति मदन पाल सिंह न्यायमूर्ति हरवीर सिंह, न्यायमूर्ति अनिल कुमार, न्यायमूर्ति जितेंद्र कुमार सिन्हा और न्यायमूर्ति संदीप जैन शामिल हैं। बता दें कि इलाहाबाद हाईकोर्ट में कुल 160 जजों के पद स्वीकृत हैं। इनमें 64 न्यायमूर्ति प्रधान पीठ प्रयागराज में हैं, जबकि 23 लखनऊ खंडपीठ में हैं। इस अवसर पर तमाम न्यायाधीश और हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

एम.जी. पब्लिक स्कूल के शिक्षकों को सेवानिवृत्ति पर भावपूर्ण विदाई

मुजफ्फरनगर, 18 अप्रैल (बुस)। एम.जी. पब्लिक स्कूल प्रांगण में तीन शिक्षक-शिक्षिकाओं और एक सहायक कर्मचारी की सेवानिवृत्ति होने पर शुक्रवार को फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। इसमें विद्यालय परिवार की ओर से सेवानिवृत्ति के अवसर पर शिक्षकों को भावपूर्ण विदाई दी गई। यहां विद्यालय की सेवा से निवृत्त हुए शिक्षकों ने अपने अनुभव और यादों को ताजा करते हुए इस पल को भावुक बताया तो वहीं विद्यालय परिवार की ओर से सभी को उपहार भेंट कर विदाई की इस बेला को खास और यादगार बनाने का काम किया गया। एम.जी. पब्लिक स्कूल परिवार से तीन शिक्षकों और एक सहायक कर्मचारी को सेवाकाल पूर्ण होने पर एक यादगार विदाई दी गई। शुक्रवार को आयोजित फेयरवेल पार्टी में मुख्य अतिथि के रूप में एम.जी. चेरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष सतीश चंद गोयल के पधारने पर प्रधानाचार्या मोनिका गर्ग ने स्वागत किया। इसके पश्चात कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। प्रधानाचार्या मोनिका गर्ग ने बताया कि विद्यालय परिवार का अभिन्न अंग बनकर अपनी सेवा प्रदान करने वाले तीन शिक्षकों पीजीटी इंग्लिश अरूण राणा, पीजीटी फाइन आर्ट अनीता चौधरी और टीजीटी इंग्लिश एम.राम के साथ ही सहायक कर्मचारी देवेन्द्र यादव को सेवाकाल पूर्ण करने पर भावभीनी और यादगार विदाई दी गई। सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों के सम्मान में शिक्षिका निर्मला वर्मा, अनीता बालियान और दीपाली गोयल सहित विद्यालय के अन्य शिक्षक-शिक्षकाओं ने सुन्दर कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए विदाई की इस बेला को गीत, कविता और विचारों से सजाने का सुन्दर प्रयास किया। तीनों शिक्षकों और सहायक कर्मचारी को मुख्य अतिथि सतीश चंद गोयल ने उपहार भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में अपने सम्बोधन में एम.जी. चेरिटेबल ट्रस्ट के चेयरमैन सतीश चंद गोयल ने कहा कि सेवानिवृत्ति सामाजिक व्यवस्था है। आज एम.जी. परिवार भी अपने कुछ बहुत ही अच्छे और गुणशाली सदस्यों को सेवाकाल पूर्ण होने पर सेवा के दायित्वों से निवृत्त कर रहा है। यह पल अनेक भाव से जुड़ा होता है। हम सभी के जीवन के कल्याण की ईश्वर से प्रार्थना करते हैं। प्रधानाचार्या मोनिका गर्ग ने अपने सम्बोधन में कहा कि जीवन विभिन्न पड़ाव और उतार-चढ़ाव से जुड़ा हुआ है। इस जीवन में सेवानिवृत्ति कभी नहीं है, केवल परिस्थितियों के अनुरूप हमारी जिम्मेदारियों में बदलाव आता है। आज जो परिवार से सेवानिवृत्त हुए हैं, वो विद्यालय से हमेशा ही जुड़े रहेंगे और उनका सम्मान बना रहेगा। उन्होंने सभी के दीघार्यु और स्वस्थ जीवन के साथ परिवार में सुख-समृद्धि की कामना करते हुए शुभकामनाएं प्रदान की। कार्यक्रम में तीनों शिक्षक, शिक्षिकाओं के विद्यालय जीवन पर आधारित कुछ खास पलों को संजोकर बनाया गया यादगार सफरनामा भी प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रस्तुत किया गया, इसमें इन तीनों शिक्षकों की विद्यालय परिवार के सदस्य के रूप में अविस्मरणीय यात्रा का सुन्दर वृतांत दर्शाया गया। संचालन रितु शर्मा द्वारा किया गया।

डॉ. दिनेश शर्मा ने भारत-पाक बंटवारे के दर्द पर लिखी पुस्तक

मुजफ्फरनगर, 18 अप्रैल (बु.)। भारतीय इंटर कॉलेज नंगला मंदौड के प्रवक्ता डॉ. दिनेश शर्मा की पुस्तक "ब्लीडिंग बॉर्डर्स इंडिया एंड पाकिस्तान इन द शैडो ऑफ पार्टीशन 1947" सहज प्रकाशन मुजफ्फरनगर की ओर से प्रकाशित की गयी है। अंग्रेजी भाषा में लिखी इस पुस्तक में लेखक ने भारत के तीन लेखकों खुशवन्त सिंह, चमन नाहल व भीष्म साहनी और पाकिस्तान के तीन लेखकों इन्तजार हुसैन, बापसी सिद्धवा और अब्दुल्ला हुसैन के भारत के "बँटवारे" पर आधारित उपन्यासों का सन्दर्भ देते हुए "बँटवारे" के दर्द को अपने शब्दों में पिरोया है। पुस्तक की भूमिका डॉ. एससी कुलश्रेष्ठ, चेयरमैन श्री राम ग्रुप ऑफ कॉलिजेज ने लिखी है। लेखक ने अपनी पुस्तक की प्रथम प्रति विदेश मंत्रालय के प्रशिक्षण संस्थान सुषमा स्वराज विदेश सेवा संस्थान नई दिल्ली के निदेशक पूर्व राजदूत राज कुमार श्रीवास्तव को भेंट की और वैदेशिक मामलों पर चर्चा की।

छेड़छाड़ का विरोध करने पर मारपीट की मुकदमा दर्ज

जानसठ, 18 अप्रैल (बु.)। थाना क्षेत्र के गांव घटायन निवासी रॉक्सी ने थाने में अपने साथ छेड़छाड़ करने और विरोध करने पर पति और देवर के साथ मारपीट करने की तहरीर दी। पुलिस तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल में जुट गई। थाना क्षेत्र के गांव घटायन निवासी रॉक्सी ने थाने में तहरीर दी। उसने तहरीर देकर बताया कि उसकी शादी लगभग सात वर्ष पहले बुढ़ाना क्षेत्र के रसूलपुर दभेड़ी गांव में रोहित के साथ हुई थी। मंगलवार को वह अपने पति के साथ अपनी ससुराल से अपने घर आई हुई थी। लगभग दोपहर दो बजे उसे घर में अकेली देखकर सोनू पुत्र पप्पू ने घर में घुसकर उसके साथ छेड़छाड़ कर दी। उसने छेड़छाड़ का विरोध करते हुए शोर मचा दिया। शोर सुनकर मौहल्ले वाले व उसका पति मौके पर आ गए, तभी सोनू वहां से मौका देखकर फरार हो गया। वहां से भाग कर वह थाना क्

नगर में तेज आंधी, बारिश ने गिराए दर्जनों पेड़, बिजली कड़की

- अगले 3 दिन बारिश के साथ आंधी-तूफान की बनी संभावना
- बिजली की आंख-मिचौली से नगर की जनता का बुरा हाल
- मंसूरपुर में पेड़ के साथ-साथ ग्यारह हजारी लाइन का खंभा गिरा

मुजफ्फरनगर, 18 अप्रैल (बु.)। दिल्ली-एनसीआर के साथ शुक्रवार को शाम ढलते ही मौसम ने करवट ली और तेज आंधी के बाद बारिश और कड़कड़ाती बिजली ने सबको डरा दिया। ऐसा लगा जैसे जनपद में अलग-अलग स्थानों पर कहीं न कहीं बिजली गिरी हो। मंसूरपुर में कहीं पेड़ तो कहीं ग्यारह हजारी लाइन का खम्भा गिर गए। वहीं देर रात में ही कम्पनी बाग के बाहर पेड़ गिरने की सूचना मिली। यूपी के विभिन्न हिस्सों में आगामी 3 दिनों तक तेज हवाओं के साथ बारिश की संभावनाओं के बीच शुक्रवार रात्रि में आंधी-तूफान के साथ बारिश ने लोगों की चिंता बढ़ा दी। अचानक से बदले मौसम के बीच कई दिनों से जारी भीषण गर्मी के बीच जहां एक ओर राहत की उम्मीद जगी है, वहीं मौसम के जारी अलर्ट के बीच नगरीय क्षेत्र में तेज हवाओं के साथ शुरू आंधी-तूफान ने किसानों की चिंता को बढ़ा दिया है। विभाग ने यूपी के विभिन्न हिस्सों में आगामी दिनों में तेज हवाओं के साथ बारिश की संभावना व्यक्त की है। मौसम में जारी अलर्ट के बीच गुरूवार की शाम अचानक बदले मौसम ने अवध क्षेत्र में भारी तबाही मची दी थी, जिसमें बारिश-ओलावृष्टि ने गेहूं और आम की फसलों को नुकसान पहुंचाया है। जिले में भी मौसम के इस बदलाव ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है।

मौसम में जारी बदलाव के बीच जनपद मुजफ्फरनगर में बीते कई दिनों से तापमान में बढ़ोतरी के साथ भीषण गर्मी के बाद शुक्रवार को मौसम का मिजाज बदला आंधी, बारिश और आकाशीय बिजली कड़कड़ाने के बाद शहर के विभिन्न इलाकों में देर रात तक बिजली गायब रही। कुछ देर हुई बारिश के बाद मौसम सुहाना महसूस किया गया मगर आंधी से गिरे पेड़ों ने कई जगह आवागमन अवरुद्ध कर दिया। कुछ पेड़ काफी मशक्कत के बाद सड़कों से हटा दिये गए। मौसम विभाग ने आने वाले तीन दिनों में उत्तर प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी हिस्सों के करीब 45 जिलों में तेज हवा, गरज-चमक व हल्की बारिश की संभावना भी व्यक्त की है। इस हल्की बारिश से तापमान नीचे आने और लोगों को गर्मी से कुछ समय के लिए फिर राहत मिलने की आशा व्यक्त की है। मौसम विज्ञान विभाग का कहना है कि मौसम में यह बड़ा बदलाव ईरान से आए पश्चिमी विक्षोभ की वजह से हो रहा है। इसका असर यह होगा कि अभी 20 अप्रैल तक यूपी के साथ दिल्ली एनसीआर में बारिश होती रहेगी। मौसम वैज्ञानिकों की माने तो आने वाले तीन दिनों में मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, शामली, सहारनपुर , बिजनौर के अलावा आसपास के क्षेत्र में तेज हवाओं, गरज-चमक व वज्रपात की संभावना जताते हुए अलर्ट जारी किया है।

40.50 लाख के 11 इनामी सहित कुल 22 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

सुकमा 18 अप्रैल (वार्ता) छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में 40.5 लाख रुपये 12 इनामी माओवादी समेत 22 नक्सलियों ने सामूहिक रुप से सुरक्षा बलों के समक्ष शुक्रवार को सामूहिक रुप से आत्मसमर्पण किया। सरेंडर करने वालों में नौ महिला नक्सली भी शामिल हैं। इन नक्सलियों ने एक साथ पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के अफसरों के सामने सरेंडर किया है। इन पर कुल 40 लाख रुपये का इनाम घोषित है। ये सभी नक्सली माड़ डिवीजन (छत्तीसगढ़) और नुआपाडा डिवीजन (ओडिशा) में सक्रिय रहे हैं। आज एक साथ सरेंडर करने वाले नक्सलियों में एक दंपति भी शामिल हैं। इन पर आठ-आठ लाख रुपये का इनाम घोषित है। इनके सरेंडर को पुलिस बड़ी सफलता मान रही है।

विदेशी मुद्रा भंडार 1.6 अरब डॉलर के इजाफे के साथ 677.8 अरब डॉलर पर

मुंबई, 18 अप्रैल (वार्ता) विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण भंडार और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में जबरदस्त बढ़ोतरी होने से 11 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 1.6 अरब डॉलर के इजाफे के साथ 677.8 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इसी तरह इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 10.9 अरब डॉलर उछलकर 676.3 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 11 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 89.2 करोड़ डॉलर की मजबूती के साथ 574.9 अरब डॉलर पर पहुंच गई। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 63.8 अरब डॉलर उछलकर 79.9 अरब डॉलर हो गया।

भदोही में धागा बनाने वाली फैक्ट्री में लगी भीषण आग, करोड़ों का नुकसान

भदोही,18 अप्रैल (वार्ता) उत्तर प्रदेश में भदोही जिले की कारपेट सिटी स्थित एक धागा बनाने वाली फैक्ट्री में आग लगने से पांच करोड़ रुपये से अधिक कच्चा माल और मशीनें जलकर राख हो गई। फायर ब्रिगेड के सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि कारपेट सिटी भदोही स्थित कालीन उत्पादन में प्रयुक्त होने वाला धागा बनाने वाली फैक्ट्री में आग लगने से पांच करोड़ रुपये का कच्चा माल और मशीनें जलकर राख हो गई। आग की भीषणता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि इसे बुझाने के लिए पड़ोसी जिलों वाराणसी, प्रयागराज और जौनपुर से दमकल मंगाना पड़ा। बावजूद इसके आग पर काबू पाने में छह घण्टे लग गए। फैक्ट्री मालिक अनिल जायसवाल ने सात से आठ करोड़ के नुकसान का आंकलन किया है। घटना शार्ट सर्किट के चलते भोर में करीब ढाई बजे हुई। फैक्ट्री में उस समय 20 से 25 मजदूर और कर्मचारी थे।

संत समाज ने की बंगाल में राष्ट्रपति शासन की मांग

प्रयागराज,18, अप्रैल (वार्ता) वक्फ (संशोधन) अधिनियम को लेकर बंगाल में हिदुओं पर हो रहे अत्याचार की साधु-संतो ने कड़ी निदा करते हुए पश्चिम बंगाल सरकार को बर्खास्त करने और राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की है। संतों का कहना है कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के राज में जिस दरिदगी से हिन्दुओं पर अत्याचार हो रहा है, बंगाली हिदू अपने ही घरों में सुरक्षित नहीं है। केंद्र सरकार को मामले में स्वतः संज्ञान लेकर स्थिति पर नियंत्रण कर वहां से पलायन कर रहे बंगाली हिदुओं के घर वापसी की व्यवस्था करनी चाहिए। ममता सरकार शासन चलाने में निष्फल है जिसका परिणाम है कि वहां अराजकता बढ़ी है।

प्रयागराज में वकील से मारपीट के आरोप में दरोगा निलंबित

प्रयागराज,18 अप्रैल (वार्ता) उत्तर प्रदेश में प्रयागराज के औद्योगिक थाना परिसर में वकील के साथ मारपीट के आरोप में दारोगा संजीव कुमार को शुक्रवार को निलंबित किया गया। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) यमुना नगर विवेक चंद्र को एसीपी कौंधियारा विवेक यादव अपनी रिपोर्ट दी जिसके बाद दरोगा संजीव कुमार को निलंबित किया। दारोगा के खिलाफ विभागीय जांच भी शुरू की गई है। गौरतलब है कि गुरूवार को वकील आदर्श कुमार की थाना परिसर में पिटाई करने का वकीलों ने आरोप लगाया था। आदर्श के शरीर पर चोट के निशान पाए गये थे। वकीलों ने थाने का घेराव कर करीब 15 घंटे धरने पर बैठे रहे और दरोगा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर निलंबित करने की मांग की थी। आश्वासन मिलने के बाद धरना खत्म किया था।

बहादुर शाह जफर की पेंटिंग को औरंगजेब बताकर हिंदू रक्षा दल ने पोत दी कालिख

गाजियाबाद, 18 अप्रैल (एजेंसी)। गाजियाबाद रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर चार की दीवार पर बने बहादुर शाह जफर के चित्र को हिंदू रक्षा दल के कार्यकर्ताओं ने औरंगजेब का बताकर शुक्रवार को हंगामा किया। उन्होंने चित्र पर कालिख पोत दी और रेलवे प्रबंधन की कार्यशैली पर सवाल उठाए। रेलवे प्रशासन ने सभी प्लेट फार्म पर देश के वीरों के चित्र बनाए हुए हैं, ताकि आने वाले लोगों को उनको देखकर अच्छा लगे और देश के वीर सपूतों के चित्रों को देखकर वह इनसे प्रेरणा लें। हिंदू रक्षा दल के 18-20 कार्यकर्ता शुक्रवार दोपहर को गाजियाबाद पुराने रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर चार पर पहुंचे। उन्होंने बहादुर शाह जफर के चित्र को औरंगजेब का चित्र बताया। हालांकि, आरपीएफ थाने में अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। आरपीएफ निरीक्षक चेतन प्रकाश ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरपीएफ जीआरपी की संयुक्त टीम कालिख पोतने वालों की पहचान कर उनको गिरफ्तार करने के लिए दबिश दे रही है।

इच्छुक व्यक्ति कराएं 25 अप्रैल तक प्रस्तावित मूल्य दर सूची में आपत्ति दर्ज

मुजफ्फरनगर, 18 अप्रैल (बु.)। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व गजेंद्र कुमार ने बताया है कि उत्तर प्रदेश स्टाम्प (सम्पत्ति का मूल्यांकन) नियमावली 1997 द्वितीय संशोधन-2013 के नियम-4 के अन्तर्गत जनपद में उप निबन्धक सदर प्रथम, सदर द्वितीय, जानसठ, बुढ़ाना, खतौली क्षेत्रान्तर्गत अचल सम्पत्तियों के न्यूनतम मूल्य के निर्धारण सम्बन्धी मूल्यांकन सूची को पुनरीक्षित कर प्रभावी किया जाना 30 अप्रैल से प्रस्तावित है।

26 अप्रैल को 3 बजे कलेक्ट्रेट में होगा आपत्तियों का निस्तारण

प्रस्तावित मूल्य दर सूची अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, सहायक महानिरीक्षक निबन्धन, समस्त उप जिलाधिकारी, समस्त उप निबंधक एवं तहसीलदार सदर, जानसठ, बुढ़ाना, खतौली के कार्यालय में अवलोकनार्थ नोटिस बोर्ड पर चस्पा है। उन्होंने बताया कि डीएम के आदेश 16 अप्रैल, 2025 के क्रम में इच्छुक व्यक्ति 25 अप्रैल की पूर्वाह्न तक प्रत्येक कार्य दिवस में प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक प्रस्तावित मूल्य दर सूची के संबंध में अपनी आपत्ति व सुझाव जिला मुख्यालय पर एडीएम राजस्व व सहायक महानिरीक्षक निबन्धन एवं तहसील मुख्यालय स्तर पर सम्बन्धित एसडीएम, तहसीलदार व उप निबंधक दफ्तर में प्रस्तुत कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि नियत तिथि व समय के उपरान्त कोई आपत्ति या सुझाव स्वीकार नहीं किया जायेगा। उन्होंने बताया कि 26 अप्रैल को अपराह्न 3:00 बजे कलेक्ट्रेट स्थित चौ. चरण सिंह सभागार में इन आपत्तियों/सुझावों का निस्तारण किया जायेगा। इसके बाद प्रस्तावित कलेक्टर मूल्य दर की सूची 30 अप्रैल से प्रभावी की जायेगी।

महिलाओं के लिये दस जिलों में जल्द खुलेंगे नये आश्रय केंद्र

लखनऊ, 18 अप्रैल (वार्ता) मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार 'मिशन शक्ति' योजना के अंतर्गत दस जिलों में ''शक्ति सदन'' की स्थापना करने जा रही है। यह केंद्र संकटग्रस्त, घरेलू हिसा से पीड़ति, आपदा प्रभावित और अन्य असहाय महिलाओं के लिए एक बड़ी राहत साबित होंगे। अधिकृत सूत्रों ने बताया कि सरकार ने इन केंद्रों के लिये 127.72 लाख रुपये की धनराशि भी स्वीकृत की है। यह योजना केन्द्र व राज्य सरकार के सहयोग से 60:40 के अनुपात में चलाई जा रहे हैं। यह योजना केंद्र सरकार मिशन शक्ति की उप योजना "सामर्थ्य" के तहत संचालित की जाएगी। इसके अंतर्गत अलीगढ़, आजमगढ़, कानपुर नगर, चित्रकूट, झांसी, बस्ती, गोंडा, मिर्जापुर, वाराणसी और सहारनपुर जनपदों में प्रत्येक में 50 महिलाओं की क्षमता वाले एक-एक नवीन शक्ति सदन स्थापित किए जाएंगे।

सफाई कर्मचारी व भोले के भक्त के बीच शिवचौक पर मारपीट

मुजफ्फरनगर, 18 अप्रैल (बु.)। शुक्रवार को शिवचौक के निकट उस समय हंगामा खड़ा हो गया जब एक युवक शिवचौक पर भगवान भोलेनाथ को प्रसाद चढ़ाने आया था तभी मंदिर के बाहर जूता उतारने को लेकर सफाई कर्मचारी नरेश ने उसे मना किया। इस बात को लेकर भक्त व कर्मचारी के बीच कहासुनी हो गयी। दोनों के बीच विवाद बढ़ने पर मामला गुत्थम गुत्था में बदल गया और दोनों के बीच जमकर गाली गलौच के साथ-साथ लात घूंसे चले। दोनों की गुत्थम गुत्था का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तभी आसपास के लोगों ने जाकर दोनों का बीच बचाव कराया। पुलिस दोनों को लेकर चौकी चली गयी और दोनों के बीच समझौते का प्रयास कराया गया।

फिर शुरू किया अतिक्रमण हटाओ अभियान, मूड़ के हिसाब से काम करता है मुजफ्फरनगर का प्रशासन

मुजफ्फरनगर, 18 अप्रैल (बु.)। मुजफ्फरनगर का प्रशासन किसी नियम कानून से बंधा हुआ नहीं है। उसका जब मूड होता है, डंडा उठाता है और अतिक्रमण के लिए चल देता है। जी हां कुछ बातें कड़वी होती हैं मगर होती सच ही हैं। यूं तो मुजफ्फरनगर में इतना अतिक्रमण फैला हुआ है कि आधे से ज्यादा सड़कें अतिक्रमणकारियों के नाम की मौखिक रूप से लिखी हुई हैं। मुजफ्फरनगर प्रशासन औपचारिकता निभाने के लिए तीन महीने में एक बार तीन दिन के लिए अतिक्रमण हटवाने निकलता है और फिर आराम से अपने दफ्तरों में काम करता है। शुक्रवार को अतिक्रमण हटाने का जिन्न फिर से बाहर आया और शाम ढलने से पहले शिवचौक से नावल्टी चौक व शिव चौक से हनुमान मंदिर फूल बाजार तक का अतिक्रमण हटवाया गया। पुलिस ने अपना रौब गालिब करने के लिए दुकानदारों को हिदायत दी कि दोबारा अतिक्रमण किया तो सामान जब्त करने के साथ-साथ जुर्माना भी वसूला जाएगा। फिलहाल शिवचौक से नावल्टी चौक तक का अतिक्रमण हटवा दिया गया। अब यह अतिक्रमण अभियान कितने दिन चलेगा, यह दुकानदारों में चर्चा का विषय है। स्वयं दुकानदारों का कहना है कि वास्तव में कुछ दिन के लिए अतिक्रमण हटवाया जाता है, फिर ढाक के तीन पात हो जाते हैं। शुक्रवार को अतिक्रमण हटवाने में ट्रेनी आईपीएस राजेश गुनावत व एसएसआई नरेन्द्र सिंह मौजूद रहे।

गैंगस्टर मामले में शाहनवाज पर दर्ज पुलिस से रिमांड बनवाने को कोर्ट में अर्जी दाखिल

मुजफ्फरनगर, 18 अप्रैल (बु.)। थाना सिविल लाइन पुलिस ने पूर्व विधायक शाहनवाज राणा, उनके पुत्र शाह आजम राणा, साले कामरान समेत पांच के खिलाफ गैंगस्टर की रिपोर्ट दर्ज की थी। वर्तमान में पूर्व विधायक शाहनवाज राणा चित्रकूट जेल में बंद हैं वहीं गैंगस्टर में नामजद अन्य चार आरोपी फरार चल रहे हैं। थाना सिविल लाइन में गैंगस्टर में रिमांड बनवाने के लिए कोर्ट में अर्जी दाखिल कर दी है। कोर्ट ने रिमांड पर सुनवाई के लिए 19 अप्रैल की तिथि नियत की है। सम्भवतः वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पूर्व विधायक की पेशी कराई जाएगी वहीं उनके समधी मौहम्मद गाजी की जमानत के लिए शुक्रवार को अर्जी दाखिल नहीं की गयी। गैंगस्टर के फरार चारों आरोपियों के लिए एसपी सत्य नारायण प्रजापत ने टीमों का गठन किया है तथा आरोपियों की तलाश जारी है।

कुत्ता खरीदने को पैसे नहीं देने पर की मां की हत्या, पत्नी को घायल, आरोपी फरार

रायपुर 18 अप्रैल (वार्ता) छत्तीसगढ़ के रायपुर जिले के थाना उरला क्षेत्र के नागेश्वर नगर में शुक्रवार को एक सनकी बेटे ने कुत्ता खरीदने के लिए पैसे नहीं देने पर अपनी मां की हथौड़ी मार कर हत्या कर दी और पत्नी को गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना के बाद आरोपी फरार है, और पुलिस उसकी तलाश में जुटी है। उरला पुलिस के अनुसार, आरोपी प्रदीप देवांगन (45) पिता जगन्नाथ देवांगन, जो पेशे से ई-रिक्शा चालक है, अपनी मां गणेशी देवांगन (70) से कुत्ता खरीदने के लिए 200 रुपये मांगा। मां द्वारा इनकार करने पर विवाद बढ़ गया। गुस्से में प्रदीप ने हथौड़े से अपनी मां को मार दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। इसके बाद बीच बचाव करने आई अपनी पत्नी रामेश्वरी देवांगन (35) पर भी हमला कर दिया। इसके बाद आरोपी के 15 वर्षीय बेटे ने हथौड़ा छीन लिया और आसपास के लोगों को घटना की सूचना दी। आरोपी मौके से फरार हो गया। घायल मां को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई।

प्रेमजाल में फंसाकर धर्म परिवर्तन करने वाले आरोपी ने अब महिला को छोड़ा

मुजफ्फरनगर, 18 अप्रैल (बु.)। मेरठ की रहने वाली एक महिला ने नई मण्डी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि थाना सिविल लाइन क्षेत्र के मौहल्ला महमूदनगर निवासी मौहम्मद गुलबहार ने उसे प्रेमजाल में फंसाया। धर्म परिवर्तन कराकर उससे निकाह किया यहां तक कि उसका नाम भी बदल दिया गया, मगर उसके बाद उसे मण्डी क्षेत्र के एक मकान में किराये पर रखकर लगातार उसका यौन शोषण करता रहा। इसी बीच आरोपी सऊदी अरब चला गया। पीड़िता का बताना है कि अब मौहम्मद गुलबहार दूसरा निकाह कर रहा है। जब उसने इस बात का विरोध किया तो आरोपी ने अपने भाई को भेजकर उसके साथ मारपीट कराई और उसके हाथ की हड्डी तोड़ दी। एसएसपी के आदेश पर आरोपी के खिलाफ नई मण्डी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है।

बझेड़ी निवासी महिला को तीन तलाक दिया

मुजफ्फरनगर, 18 अप्रैल (बु.)। बझेड़ी के रहने वाले मुश्तकीम ने थाना सिविल लाइन में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि उसने अपनी बेटी की शादी सरवट निवासी समीर के साथ की थी। आरोप है कि शादी के बाद उसकी बेटी को लगातार परेशान किया जा रहा है और तीन तलाक देने की धमकी देते हुए मारपीट की गयी। उसके बाद समीर सऊदी अरब चला गया। कुछ दिन पहले जब वह वापस आया तो घर पर आकर उसकी बेटी को तीन तलाक बोलकर चला गया। विरोध में आरोपी ने उससे मारपीट की तथा सिविल लाइन में आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी।

आचार संहिता उल्लंघन मामले में नहीं हुई सुनवाई

मुजफ्फरनगर, 18 अप्रैल (बु.)। शुक्रवार को आचार संहिता उल्लंघन के तीन मामलों में कोर्ट में सुनवाई नहीं हो सकी। न्यायधीश के अवकाश पर होने के कारण सुनवाई नहीं हो सकी। वर्ष 2022 विधानसभा चुनाव के दौरान वर्तमान बुढ़ाना विधायक राजपाल बालियान, पूर्व विधायक उमेश मलिक के खिलाफ अलग-अलग आचार संहिता उल्लंघन मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई गयी थी। इससे अलग गांव खुब्बापुर में एक हत्या के बाद गांव में पहुंचे भाजपा नेताओं के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गयी थी, जिसमें भाजपा के पूर्व विधायक उमेश मलिक समेत चार को नामजद किया गया था। तीनों मामलों की सुनवाई एसीजेएम प्रथम देवेन्द्र फौजदार की कोर्ट में चल रही है जहां बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने बताया कि न्यायधीश के अवकाश पर होने के कारण सुनवाई नहीं हो सकी। इस मामले की अग्रिम तारीख 5 मई को नियत की है।

रुड़की रोड बिजलीघर के अवर अभियंता की कार्यालय में घुसकर पिटाई

मुजफ्फरनगर, 18 अप्रैल (बु.)। रविवार को लद्दावाला के रहने वाले एक युवक ने शहर कोतवाली क्षेत्र के रुडकी रोड पर पाल धर्मशाला बिजलीघर के अवर अभियंता विजय कुश्वाह की कार्यालय में घुसकर बदतमीजी करने के बाद उनकी पिटाई कर दी। पिटाई करते समय उनसे अभद्र भाषा का प्रयोग भी किया गया। आरोपी बिजलीघर के अन्य स्टाफ के साथ भी हाथापाई की, जिससे कर्मचारियों में आक्रोश फैल गया। तुरन्त इसकी सूचना शहर कोतवाली पुलिस को दी गयी तो पुलिस मामले की जांच करने के लिए मौके पर पहुंची और मामले को गंभीर मानते हुए आरोपी के खिलाफ कार्यवाही शुरू कर दी। पुलिस ने उक्त मामले में सीसीटीवी फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है। इसी के आधार पर जल्द ही पुलिस आरोपी को गिरफ्तार कर संगीन धाराओं में कार्यवाही की तैयारी कर रही है।

देश के तीन मेट्रो सिटी में इन्वेस्ट यूपी के दफ्तर खोलेगी योगी सरकार

लखनऊ, 18 अप्रैल (वार्ता) उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनाने की कवायद के तहत देश-विदेश के निवेशकों को आकर्षित करने के लिए योगी सरकार निवेश को प्रोत्साहन देने के लिए अब एक नई रणनीति पर विचार कर रही है। इसके तहत योगी सरकार देश के तीन मेट्रो सिटीज क्रमशः नई दिल्ली, मुंबई और बेंगलुरु में इन्वेस्ट यूपी के ऑफिस की स्थापना पर मंथन किया जा रहा है। इसका उद्देश्य निवेशकों के साथ सीधा संवाद स्थापित करना, उनके प्रश्नों का समाधान करना और प्रदेश की निवेश नीति तथा उपलब्धियों को प्रस्तुत करना है। अधिकृत सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि योगी सरकार देश के इन तीन शहरों में इन्वेस्ट यूपी का ऑफिस स्थापित कर एक ऐसा नेटवर्क बनाना चाहती है, जिससे प्रदेश को निवेशकों के लिए और भी अधिक सुलभ तथा आकर्षक बनाया जा सके। इससे न केवल निवेश बढ़ेगा, बल्कि लाखों रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे।

छेड़छाड़ के दो मामलों में पुत्री ने पिता व महिला ने लगाया बेटी से छेड़छाड़ करने का आरोप

मुजफ्फरनगर, 18 अप्रैल (बु.)। शहर कोतवाली क्षेत्र के एक मौहल्ले की रहने वाली युवती ने अपने पिता पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर मिलने के बाद मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं एक अन्य मामले में एक आरोपी ने मकान में घुसकर किशोरी के साथ छेड़छाड़ की। छेड़छाड़ का विरोध करने पर किशोरी की मां से मारपीट की गयी। शहर कोतवाली क्षेत्र के एक मौहल्ले में एक व्यक्ति अपने परिवार के साथ रहता है। उसी की बेटी ने उस पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। युवती ने कोतवाली पहुंचकर मामले की शिकायत की है और पुलिस ने सच्चाई जानने के लिए मामले की जांच शुरू कर दी है।

इसके अलावा शहर कोतवाली क्षेत्र की एक महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वरुण शर्मा निवासी नया बांस पिछले काफी समय से उसकी नाबालिग बेटी से छेड़छाड़ करता आ रहा है। वरुण के परिजनों से इस बात की शिकायत करने के बावजूद भी वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आया। आरोप है कि उसने मकान में घुसकर उसकी नाबालिग बेटी से छेड़छाड़ की, जिसका विरोध करने पर आरोपी ने उसके साथ मारपीट की। पुलिस ने उक्त मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

यूपी में आंधी पानी ने फिर बरपाया कहर, योगी ने कहा घबरायें नहीं

लखनऊ 18 अप्रैल (वार्ता) अयोध्या,बाराबंकी समेत उत्तर प्रदेश के कई जिलों में गुरुवार रात तेज रफ्तार आंधी के साथ वर्षा ने जम कर कहर बरपाया। वर्षा जनित हादसों में दस से अधिक लोगों की जान चली गयी जबकि कई मवेशी भी हताहत हुये। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पीड़ितों को भरोसा दिलाया है कि प्रदेश सरकार उनके साथ है और जान माल की हिफाजत सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने एक्स पर लिखा '' प्रदेश में कई जनपदों से आंधी-बारिश, ओलावृष्टि की सूचना प्राप्त हुई है। कितु चिंतित होने की आवश्यकता नहीं है। प्रत्येक प्रदेश वासी की सुरक्षा आपकी सरकार की प्राथमिकता है। आंधी-बारिश, ओलावृष्टि, वज्रपात से प्रभावित जनपदों के अधिकारियों को क्षेत्र का सर्वे कर पूरी तत्परता से राहत कार्य संचालित करने के निर्देश दिए हैं। जनहानि और पशुहानि होने की स्थिति में तत्काल प्रभावितों को राहत राशि का वितरण करने तथा घायलों का समुचित उपचार कराए जाने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया है। साथ ही, अधिकारियों को वर्तमान में गतिमान गेहूं की सरकारी खरीद के दृष्टिगत मंडियों सहित सभी खरीद केंद्रों पर गेहूं के सुरक्षित भंडारण का पूरा ध्यान रखने एवं फसलों के नुकसान का आकलन कर शासन को आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं ताकि इस संबंध में अग्रेतर कार्यवाही हो सके। अधिकारियों को जल निकासी की व्यवस्था प्राथमिकता पर करने के निर्देश भी दिए हैं।''

पिछड़े वर्ग के कल्याण के लिए योगी सरकार ने खर्च किये ढाई हजार करोड़

लखनऊ, 18 अप्रैल (वार्ता) उत्तर प्रदेश सरकार ने 2024-25 में पिछड़े वर्ग के उत्थान और कल्याण के लिए ढाई हजार करोड़ रुपए से अधिक की राशि खर्च की है। पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार, 2024-25 में सरकार ने पूर्वदशम छात्रवृत्ति योजना पर 168.75 करोड़ रुपए खर्च किए हैं, जिससे 7.94 लाख से अधिक छात्रों को लाभ मिला है। इसके तहत, कक्षा एक से कक्षा 10 तक के पिछड़े वर्ग के छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। वहीं, दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत 1981.45 करोड़ रुपए व्यय किए गए, जिससे 21.31 लाख छात्रों को शैक्षिक सहायता मिली। इसमें कक्षा 11 से उच्च शिक्षा में पढ़ने वाले छात्र लाभान्वित होते हैं। सरकार ने पिछड़ी जातियों की गरीब बेटियों की शादी में मदद के लिए 2024-25 में 200 करोड़ रुपए की राशि खर्च की है। इसका लाभ एक लाख बेटियों और उनके परिवारों को मिला, जिससे उन्हें आत्मसम्मान के साथ जीवन की नई शुरुआत करने का अवसर मिला। सरकार ने पिछड़ी जातियों के छात्रों को कंप्यूटर शिक्षा से जोड़ने के लिए 2024-25 में 32.92 करोड़ रुपए की राशि खर्च की है। इस योजना से 29,769 छात्रों को आधुनिक तकनीकी ज्ञान मिला, जिससे उनके रोजगार के अवसर बढ़े हैं। इस योजना का उद्देश्य पिछड़े वर्ग के छात्रों को डिजिटल शिक्षा से जोड़ना है। शिक्षा के साथ-साथ आवास सुविधा को बेहतर बनाने के लिए भी सरकार ने छात्रावास अनुरक्षण योजना के अंतर्गत 2024-25 में 2 करोड़ रुपए की राशि व्यय की है। यह बजट प्रदेश के छह छात्रावासों के अनुरक्षण हेतु दिया गया है। इन छात्रावासों के माध्यम से योगी सरकार पिछड़े वर्ग के छात्रों को आवासीय सुविधा भी प्रदान कर रही है।

उत्तर प्रदेश में 2025-26 में जीएसडीपी का लक्ष्य 30.77 लाख करोड़ रुपए

लखनऊ, 18 अप्रैल (वार्ता) उत्तर प्रदेश सरकार ने 2025-26 के लिये सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) का लक्ष्य 30.77 लाख करोड़ रुपये निर्धारित किया है। अधिकृत सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि वर्ष 1950 से लेकर 2017 तक प्रदेश की जीएसडीपी केवल 12.75 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच पाई थी। जबकि मौजूदा योगी सरकार के कार्यकाल में यह आंकड़ा 2024-25 में दोगुना से अधिक होकर 27.51 लाख करोड़ रुपए के करीब पहुंचा है। यही नहीं, आगामी वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए प्रदेश ने 30.77 लाख करोड़ रुपए के जीएसडीपी लक्ष्य को भी निर्धारित किया है।

अगली सरकार हमारी, सामाजिक न्याय के रास्ते पर चलेंगे : अखिलेश

लखनऊ 18 अप्रैल (वार्ता) सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शुक्रवार को कहा कि देश में मौजूदा समय में सामाजिक न्याय के राज की स्थापना और आर्थिक गैर बराबरी दूर करना बड़ी चुनौतियां है और 2027 में उत्तर प्रदेश में उनकी सरकार के आने पर इन चुनौतियों का समाधान कर लिया जायेगा। श्री यादव ने यहां एक कार्यक्रम में दावा किया कि प्रदेश में अगली सरकार समाजवादियों की होगी, जो सामाजिक न्याय के रास्ते पर आगे बढ़ेगी। बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने देश को जो संविधान दिया है, उसकी प्रस्तावना में ही लिखा है कि हमें धर्मनिरपेक्ष, समाजवादी और लोकतांत्रिक देश बनाना है। बाबा साहब के बनाये संविधान की प्रस्तावना में ही समाजवाद है। नेताजी ने हम लोगों को विरासत में समाजवादी विचारधारा और समाजवादी आंदोलन दिया है। नेताजी समाजवादी आंदोलन को यहां तक लेकर आये अब युवाओं की जिम्मेदारी है कि कई सौ वर्षों तक इसे आगे लेकर चलें।

महिला ने कुछ लोगों पर लगाया जमीन कब्जाने का आरोप